वर्ष- 21 अंक - 319 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 05 मई 2026

आ गया हूं मैं...



## जीत के बाद एक्टर विजय ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु के चुनाव में एक्टर विजय की पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। अब वे दूसरे दलों के समर्थन से सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आज राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है और अपनी पार्टी के विधायकों की बैठक भी बुलाई है। तमिलनाडु में सरकार बनाने के लिए एक्टर विजय को 118 विधायक चाहिए जबकि उनके पास 107 विधायक हैं। उन्हें समर्थन देने के लिए कांग्रेस और अन्नाद्रमुक भी उतावले हो रहे हैं।

## प्रवासी मजदूर महिला फिर बनी विधायक



**कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल की सालतोरा विधानसभा सीट एक बार फिर चंदना बाउरी की ऐतिहासिक राजनीतिक यात्रा की गवाह बनी है। कभी प्रवासी मजदूर और गृहिणी के रूप में संघर्षपूर्ण जीवन जीने वाली चंदना बाउरी ने एक बार फिर चुनावी मैदान में जीत दर्ज की है। 2021 के चुनाव में भी चंदना ने यहां से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था।**

## एक सीट पर 36 प्रत्याशियों को 100 वोट भी नहीं मिले

**चेन्नई.एजेंसी। तमिलनाडु के पेरंबुर विधानसभा सीट से चुनाव जीतने वाले एक्टर विजय थलपति के खिलाफ करीब 47 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से 36 को 100 वोट भी नहीं मिले। वहीं 9 प्रत्याशियों को 20 से कम वोट मिले। ज्यादातर प्रत्याशियों की यहां जमानत जब्त हो गई।**

## 1 वोट से मिली जीत



**चेन्नई.एजेंसी। तमिलनाडु की तिरुप्पत्तूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले डीएमके मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को सिर्फ एक वोट के अंतर से पराजय मिली। सुपरस्टार विजय की पार्टी टीवीके उम्मीदवार सीनिवास सेतुपति आर ने उन्हें एक वोट से पराजित कर दिया।**

बंगाल में हलचल तेज...

# 10 मई से पहले होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण!

## महाभारत की द्रौपदी रूपा गांगुली भी मुख्यमंत्री की दौड़ में



कोलकाता ● एजेंसी

बंगाल के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज होने के बाद दिल्ली से बंगाल तक भाजपा के खेमे में हलचल मच गई है। भाजपा यहां जल्द से जल्द सरकार बनाने की तैयारी कर रही है। 10 मई से पहले नई सरकार का शपथ ग्रहण हो सकता है। 9 मई को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती होने के कारण इस तारीख को विशेष महत्व दिया जा रहा है। अब भाजपा के सामने दिक्कत यह है कि बंगाल की कमान किसे सौंपी जाए। करीब आधा दर्जन नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं जिनमें शुभेंदु अधिकारी प्रबल दावेदार हैं। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष भी दौड़ में हैं।

भाजपा अगर महिला मुख्यमंत्री के नाम पर विचार करती है तो महाभारत सीरियल में द्रौपदी का किरदार निभाने वाली रूपा गांगुली के नाम पर भी विचार हो सकता है। रूपा गांगुली विधायक व राज्यसभा सदस्य भी रह चुकी हैं। इसी तरह आसनसोल दक्षिण सीट से चुनाव जीतने वाली फैशन डिजाइनर अग्निमित्रा पॉल भी मुख्यमंत्री की रेस में आ सकती हैं।

## भाजपामय हो गया देश, 20 से ज्यादा राज्यों में भाजपा की सरकार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** 2014 में, जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सीधे या गठबंधन के जरिए सरकार लगभग 7-8 राज्यों में थी। उस समय बीजेपी या एनडीए की सरकार गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गोवा, पंजाब और झारखंड जैसे प्रमुख राज्यों में थी। 2014 में बीजेपी का प्रभाव सीमित था।

2024 तक बीजेपी की सरकारें लगभग 13 राज्यों तक पहुंच गईं। एनडीए का प्रभाव और भी बढ़कर करीब 20 से ज्यादा राज्यों तक फैल गया। 2014 के बाद कई राज्यों में पहली बार बीजेपी की सरकार बनी जिसमें हरियाणा, महाराष्ट्र, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा शामिल हैं। अब बंगाल में भी भाजपा की सरकार हो गई है।

## केरल में वेणुगोपाल के लगे पोस्टर

**तिरुअनंतपुरम.एजेंसी।** केरल के चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है और अब यहां नए मुख्यमंत्री के नाम पर विचार चल रहा है। इसी बीच केरल में त्रिवेंद्रम रोड पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के पोस्टर लगाकर वेणुगोपाल को भावी मुख्यमंत्री बताया जा रहा है।

## आंधी-बिजली से 20 मरे 15 हजार पेड़ गिरे

**मंगलवार.एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच जगह-जगह आंधी-तूफान और बारिश का दौर जारी है। अकेले बिहार में पिछले 24 घंटे में आंधी-बिजली से 20 लोगों की मौत हो गई जबकि हरियाणा में 15 हजार से ज्यादा पेड़ उखड़कर गिर गए।

## पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत 61 जख्मी

**बीजिंग.एजेंसी। चीन के लियुयांग शहर में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके में 21 लोगों की मौत हो गई और 61 लोग घायल हो गए।**

## आप विधायकों को लेकर दिल्ली रवाना हुए भगवंत मान, राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात




नई दिल्ली ● एजेंसी

आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इन सांसदों को गद्दार बताते हुए कहा कि पंजाब के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। इसी मसले पर सीएम राष्ट्रपति से बात करेंगे। मान अपने सभी विधायकों के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। हालांकि राष्ट्रपति भवन से केवल उन्हें ही मिलने की अनुमति मिली है। ऐसे में विधायक बाहर रुकेंगे और मान अकेले राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। मान से पहले राघव चड्ढा भी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।

## अमेरिका में फिर चलीं गोलियां, व्हाइट हाउस में लगाना पड़ा लॉकडाउन

वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका में कुछ दिन पहले व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान भी फायरिंग की घटना हुई थी। अब अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने जानकारी दी है कि व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद संदिग्ध के साथ उनकी मुठभेड़ हुई। यह घटना उस समय हुई जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का काफिला कुछ ही देर पहले उस इलाके से गुजरा था। इस घटना के चलते व्हाइट हाउस में कुछ समय के लिए लॉकडाउन लागू करना पड़ा। अधिकारियों का व्हाइट हाउस के पास एक सशस्त्र संदिग्ध से सामना हुआ, जिसने उन पर गोली चलाने की भी कोशिश की। जब अधिकारियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह पैदल भागने लगा और गोली भी चलाई। जवाबी कार्रवाई में सीक्रेट सर्विस ने भी गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भाजपा ने मनाया जगह-जगह जश्न

## कार्यालय से लेकर विधानसभा के क्षेत्रों तक में हुआ खुशी का इजहार, बंटी मिठाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा का संघर्ष किसी से छुपा नहीं है। पहले जीरो से 70 पार और अब 200 के पार विधायकों को जीताकर पहली बार भाजपा पश्चिम बंगाल में सरकार बना रही है। यह सबकुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस जीत से भाजपाई देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी गदगद है। असम और पोंडीचेरी में भी भाजपा की सरकार बनी, लेकिन जितनी खुशी पश्चिम बंगाल की है, उसके सामने असम और पोंडिचेरी की जीत को भाजपाई सामान्य ले रहे हैं। कहीं ढोल बजे तो कहीं ताशे, तो कहीं मिठाई बंटी, तो कही आतिशबाजी हुई, तो कहीं कलरफुल गुलाल उड़ी, तो कहीं झांझ-मंजिरे भी बज गए। भाजपा कार्यालय में भी खुशी का इजहार हुआ। भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर इस एतिहासिक जीत के जश्न में एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और सभी ने प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को बंगाल जीत एवं असम और पोंडीचेरी जीत का महानायक बताया। भाजपा कार्यालय में करीब ढाई घंटे जश्न चला, खुशी में नृत्य भी किया गया। भाजपा कार्यालय में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सुमित मिश्रा, शंकर लालवानी, पुष्यमित्र भार्गव, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, आलोक दुबे, नन्दकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, अभिषेक शर्मा बबलू, भूपेन्द्र केसरी, कंचन गिदवानी, दीपक जैन टीनू, नितिन शर्मा, निधि बंग, ज्योति तोमर, शैलजा मिश्रा, श्रेष्ठा जोशी, शिवानी अड़सपुर, सुधा सुख्यानी, दीप्ति हाड़ा, मंजू ठाकुर, इन्दु श्रीवास्तव, वरुण पाल, रानू गर्ग, दीपेश पचोरी, राजेश चौहान, मोहित वर्मा, सौरभ खंडेलवाल, मन्नी भाटिया, राजा कोठारी, अशोक अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

# बंगाली कारीगर भाजपा का झंडा लेकर निकल पड़े सराफा जश्न मनाने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हिन्दू बंगाली कारिगरों की संस्था देवी अहिल्या बाईजी स्वर्ण शिल्पी समिति सराफा बाजार के नेतृत्व में नितिन धारकर और अशोक अधिकारी के मार्गदर्शन में बंगाली हिंदू कारिगरों के द्वारा बंगाल की जीत का जश्न मनाया गया। पूरे सराफा में भगवा तिलक लगाया गया और व्यापारियों और ग्राहकों को झालमुड़ी, और लड्डू खिलाए गए। सराफा ज्वेलर्स की दुकान-दुकान पहुंचकर इन बंगाली कारिगरों ने भगवान के जयघोष लगाए, हाथ में भाजपा का झंडा और गले में भाजपा का दुपट्टा भी नजर आया। जश्न के बाद राजवाड़ा अहिल्या प्रतिमा पहुंचकर माँ को माल्यार्पण किया गया। अभिषेक माइटी, पार्थ मजूमदार, विश्वजीत मलिक शिव शंकर शाह मौजूद रहे।



## इंदौर से गए बंगालियों ने मनाया जश्न

कई बंगाली कारीगर जिनका मतदान पश्चिम बंगाल में होना था वे मतदान करने पहुंचे थे, जिसके बाद से वे वहीं डटे हुए हैं, इंदौर में रहने वाले कई बगाली कारिगरों ने कल जश्न मनाया। सुशांत सामंत ने बताया कि करीब 2 हजार बंगाली कारीगर मतदान करने पश्चिम बंगला पहुंचे थे। कई कारीगर अभी भी बंगाल में ही है, आगामी दिनों काली पूजा का कार्यक्रम होगा, जिसके बाद वे इंदौर लौटेंगे।



## जिला भाजपा अध्यक्ष भी उतरे जश्न मनाने

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने अपने जिला पदाधिकारी और भाजपाइयों के साथ भाजपा कार्यालय पर भाजपा की तीन राज्यों में जीत का जश्न मनाया और मिठाई एक-दूसरे को खिलाई। शहर के कई वरिष्ठ और अन्य भाजपा नेता भी शामिल हुए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से लेकर सुदर्शन गुप्ता तक को मिठाई खिलाई गई।

## पूर्व पार्षद ने खिलाए रसगुल्ले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पूर्व पार्षद और भाजपा प्रदेश सहप्रवक्ता दीपक जैन टीनू ने भी खुशी का इजहार कर बंगाल, असम और पोंडीचेरी की जीत पर जश्न मनाया, रसगुल्ले के साथ झालमुड़ी खिलाई।




## आनन्द धाम में हुई आतिशबाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पश्चिम बंगाल, असम और पोंडीचेरी की जीत पर शहर में कई जगहों पर आतिशबाजी हुई। भाजपाइयो ने झालमुड़ी वितरण की। देवगुराडिया की आनंद धाम कॉलोनी में भाजपा नेता सुनील पुरोहित, सुमित गर्ग, सुनील प्रजापत, राहुल प्रजापत, शैलेष मीना, श्रीचंद पाल, संगीता पाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा नेता हज पर रवाना हुए तो हुआ सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 4 के लोहारपट्टी क्षेत्र में रहने वाले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष मंजूर अहमद हज यात्रा पर रवाना हुए तो उनका रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने कई भाजपा नेता और मुस्लिम समाजजन भी पहुंचे। फारुक राईन, अशोक चौहान चांदू, प्रदीप शर्मा, अमन मेमन, इसरार ठेकेदार, मुबारिक अंसारी, नौशाद मंसूरी, यूनुस लाला, मोहसिन खान, इकबाल अज्जू, शानू खान सहित अन्य मौजूद थे।





## महूनाका पर भी जश्न में आतिशबाजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महूनाका पर चौराहा पर पश्चिम बंगाल, असम और पोंडीचेरी विधानसभा में हुई जीत पर जश्न जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में मनाया गया। विधायक मालिनी गौड़, एकलव्यसिंह गौड़, पार्षद योगेश गेंदर, मीता रामबाबू राठौर, जीतू राठौर, कंचन गिदवानी सहित अन्य मातृशक्तियों की मौजूदगी में जश्न मनाकर आतिशबाजी की गई, झालमुड़ी बांटी गई। यहां ढोलक भी बजे, आतिशबाजी भी हुई।



## निरंजनपुर में भी खिलाई मिठाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा की तीन राज्यों में जीत पर खालसा चौक, निरंजनपुर चौराहे पर सुरेंद्र पाल मित्र मंडल द्वारा लड्डू वितरण और आतिशबाजी का आयोजन किया गया। भाजपा नेता इस जश्न में शामिल हुए, इनमें सभापति मुन्नालाल यादव, सुरेंद्र पाल, पप्पू राठौर, अमित पंडित, ओमप्रकाश खंडारे, छोटेलाल डोडिया, साधूसिंह बरार, गुरपालसिंह धनवा, रामबाबू विश्वकर्मा, प्रेम पंवार, तुलसीराम विश्वकर्मा, कृष्ण बेदी, प्रेमलता धारीवाल, सावित्री वर्मा मौजूद थे।

# भाजपा की जीत का सुखलिया में जश्न

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बंगाल में भाजपा की प्रचंड विजय की खुशी में सुखलिया चौराहे पर भाजपाइयों ने ढोलक की थाप पर नृत्य करते हुए खुशी का इजहार किया। चंदू कुंजीर ने बताया कि जमकर खुशियां मनाई गई। झालमुडी बाटी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर चंदू कुंजीर, सुरजीत सिंह वालिया, रमेश खेड़े, करण कुंजीर, ओम पानेरी, ओम गुर्जर, राखी अहिरवार, नीलम पंवार, ज्योति सोनी, रेखा पवार, रुक्मणि शर्मा सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।



# कांग्रेस एक साथ करेगी 22 झोनों का पानी मुद्दे पर घेराव

## 12 मई तक दी चेतावनी, समस्या वाले क्षेत्रों में पहुंचाओं पानी

### अपर आयुक्त कार्यालय का भी होगा प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि शहर में पानी की बड़ी समस्या खड़ी है और नगर निगम इंतजाम नहीं कर पा रही है, निगम के सभी 22 झोनों पर कांग्रेस 14 मई को एक साथ घेराव कर झोन के समीप क्षेत्र में चक्कजाम भी करेगी, जनता को साथ लेकर जनता की समस्या को उठाया जाएगा। फानी की समस्या के अलावा भी कई मुद्दे कांग्रेस उठाएगी, जिनमें बड़े हुए टैक्स, भ्रष्टाचार के मुद्दे प्रमुख है। चौकसे ने कहा कि 12 मई तक पानी की समस्या निगम ने हल नहीं की तो 14 मई घेराव होगा। चौकसे ने निगम के अपर आयुक्त आशीष पाठक को भी निशाने पर लिया और कहा कि उनके द्वारा जनता की जल समस्या, शिकायत और पार्षदों द्वारा दी गई सूचना पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में 14 मई को अपरायुक्त कार्यालय में उनका भी घेराव कि जा रहा है।

# कांग्रेस के कई पर्यवेक्षक अपने ही वार्ड में चाहते हैं जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पिछले माह कांग्रेस ने हर वार्ड में पर्यवेक्षक बनाए थे, जिससे वार्ड में चल रही गुटबाजी को समाप्त किया जा सके और वार्ड के नेताओं, पदाधिकारियों को काम पर लगाया जा सके। इन वार्ड के पर्यवेक्षकों की विधानसभा अनुसार बैठक भी आयोजित की जाना थी, लेकिन वह बैठक भी आयोजित नहीं हुई। पर्यवेक्षक बनने के बाद कई कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने दूसरे वार्ड की जिम्मेदारी के बजाए अपने ही वार्ड की जिम्मेदारी संभालने की इच्छा जाहिर की, जबकि कांग्रेस संगठन जानता है कि किसी भी पर्यवेक्षक को उसके वार्ड की जिम्मेदारी इसलिए नहीं दी जा सकती है कि उस वार्ड में ही कांग्रेस के दूसरे गुट के लोग उनके हासिये पर आ जाएंगे, जबकि कांग्रेस ने पर्यवेक्षक बनाकर उस वार्ड में जिम्मेदारी दी थी तो उस वार्ड से कई पर्यवेक्षक जिम्मेदारी के बाद भी मुंह चुरा रहे हैं क्योंकि वे अपना वार्ड परिवर्तित कराना चाहते हैं, इसलिए शहर कांग्रेस के निर्देश के बाद भी वे अपने प्रभार वाले क्षेत्र में नहीं पहुंचे, संगठन का काम भी शुरू नहीं हुआ। नियुक्ति पत्र ले लिए गए हैं और सोशल मीडिया पर इन नियुक्ति पत्र का उपयोग अपना नाम चमकाने के लिए किया जा रहा है लेकिन संगठन की मजबूती के लिए इस दूसरे सप्ताह में भी ज्यादातर जिम्मेदारों ने काम शुरू नहीं किया और कई अपना वार्ड परिवर्तित कराकर अपने ही वार्ड में पर्यवेक्षक प्रभारी बनना चाहते हैं। अब देखना होगा कि शहर कांग्रेस इन निष्क्रिय पर्यवेक्षकों को कब टाइट करती या इन्हें बदलती है या फिर शहर कांग्रेस हार मानकर वार्ड बदलती है।

# कांग्रेस की आज किसान आन्दोलन को लेकर 6 बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 7 मई को किसानहित मुद्दे पर कांग्रेस का चक्काजाम प्रदर्शन है। शहर से भी कांग्रेसी बड़ी संख्या में हर विधानसभा और वार्डों से इस प्रदर्शन में पहुंचे, इसके लिए कांग्रेस आज 6 बैठक कर रही है। विधानसभा 1 की बैठक दीपू यादव के कार्यालय बाणगंगा शाम 6 बजे और शाम 6 बजे ही विधानसभा 2 की बैठक प्रभारी लेंगे। विधानसभा 4 की बैठक शाम 5 बजे गांधी भवन में और विधानसभा 3 की शाम 6 बजे गांधी भवन मे, शाम 7 बजे सेवादल, रात 8 बजे एनएसयूआई की बैठक चिंटू चौकसे लेंगे। इस तरह आज 6 मैराथन बैठक कांग्रेस की होगी। वहीं कल सुबह 10 बजे बिजलपुर कार्यालय पर शहरी 8 वार्डों की बैठक होगी। विधानसभा 5 की बैठक भी कल आयोजित की जाएगी।

# कांग्रेस नेता ने लिखा कलेक्टर, कमिश्नर और आयुक्त को पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खजराना क्षेत्र में कांग्रेस और सामाजिक राजनीति करने वाले स्क्रेप-रद्दी व्यापारी सलीम पठान ने संभाग आयुक्त, कलेक्टर और निगम आयुक्त को पत्र लिखा, जिसमें लिखा कि उनकी छोटी दुकान पर आए दिन नोटिस भेजे जाते हैं और परेशान करने के लिए रोज नियम को बेनियम कर बताया जाता है। अवैध वसूली की कोशिश भी कुछ नेताओं द्वारा की जा रही है, जबकि वह निगम के सारे टैक्स देते हैं, ट्रेड और गुमास्ता का लाइसेंस भी है, फायर सेफ्टी का काम भी है। कचरा शुल्क भी दिया जाता है फिर भी नेताओं द्वारा अवैध रूप से पैसों की मांग कर परेशान किया जा रहा है, दुकान तुड़वाने की धौंस दी जाती है, जबकि यह दुकान भी किराये की है। बकायदा शिकायत में नेता का नाम भी लिखा गया है। यह भी लिखा गया कि राजनेताओं के साथ निगम के अधिकारी भी शामिल हो जाते हैं, जिससे मेरी दुकान और मेरे खिलाफ कार्रवाई हमेशा होती रहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके द्वारा पीडब्ल्यूडी की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की गई थी उस पर कार्रवाई नहीं हुई। उस शिकायत के खिलाफ मुझे परेशान किया जा रहा है। कई लोग यहां मेरे जैसा व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन परेशान सिर्फ मुझे किया जा रहा है, इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की गई है और नेता पर कार्रवाई और जो पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध कब्जा है उसे भी हटाने की मांग की गई है।

**कहा- रद्दी की छोटी दुकान पर की जाती है बड़ी परेशानी पैदा**

# कांग्रेस ने नहीं मनाया केरल की जीत का जश्न

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा ने कल अपने कार्यालय के अलावा हर विधानसभा और हर क्षेत्र में तीन प्रदेशों में हुई जीत और खासतौर से बंगाल में हुई विजय का जमकर जश्न मनाया, लेकिन कांग्रेस ने 10 साल बाद केरल में फिर से आई सत्ता का जश्न गांधी भवन से लेकर रोड तक नहीं मनाया, जबकि कांग्रेसी कल जीत के जश्न के लिए समाचार का इंतजार करते रहे।**

# पानी की अतिरिक्त मोटर निगम क्यों नहीं खरीदता- कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पहले ही पानी की कमी है और नगर निगम जल्दी खराब मोटर बनवाकर वापस बोरिंग में डालने में लेतलाली करता है। ऐसे में निगम को हर झोन पर अतिरिक्त बोरिंग मोटर स्टाक में रखना चाहिए, जिससे जहां की भी बोरिंग मोटर बिगड़े तत्काल वहां स्टाक में पड़ी मोटर डाल दी जाए, जिससे गर्मी में लोगों को पानी की राहत मिल सके। द्विवेदी ने बताया कि निगम रिकार्ड के मुताबिक इंदौर में करीब साढ़े 6 हजार बोरिंग है, लेकिन सूत्रों की जानकारी बोरिंग का रिकार्ड 11 हजार बता रही है। द्विवेदी ने कहा कि विधायक नीधि एवं सांसद नीधि से कराएं गये बहुत से बोरिंग नगरनिगम की सूची में शामिल नहीं है, जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहले ही कह चुके थे कि सभी बोरिंगों का सत्यापन कराया जाएगा, जो अब तक नहीं हुआ है। शहर में रोज सैकड़ों बोरिंग की मोटर जल रही है, खराब हो रही है। इस समय लगभग 100 से 150 के करीब, नगर निगम ने केवल एक कंपनी या व्यक्ति को इसके सुधारने, खोलने एवं लगाने का ठेका दिया है। मतलब अगर रोज पच्चीस से तीस मोटर सुधारी जा रही है तब भी पांच से सात दिन कम से कम लगते हैं। अगर नगर निगम आपातकालीन स्थिति समझकर केवल तीन सौ से ज्यादा मोटर खरीद लें तो जलसंकट से मुक्ति मिल सकती है और टेंकर की जरूरत भी कम पड़ेगी। ऐसे बोरिंग जहां पानी हैं और मोटर बिगड़े तुरंत इन रिजर्व मोटर का उपयोग करें। फलस्वरूप जलसंकट उस स्थान पर नहीं रहेगा। यहीं नहीं कुछेक मोटरें इतनी खराब हो चुकी है कि बोरिंगों में पानी होने के वावजूद क्षमता से पानी निकाल नहीं पाती है उन्हें हटाकर इनका उपयोग किया जाए। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।



# कांग्रेसियों का पद सम्मान और मिलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस कार्यालय में जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित कर नवनियुक्त अध्यक्ष सलमान पठान का सम्मान किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश चौकसे ने किया। इस दौरान कांग्रेसियों का एक-दूसरे से परिचय भी कराया गया। चौकसे ने कहा गांधी भवन में रोजाना बैठकर जनता की जनसमस्या सुनो और अधिकारियों से मिलकर हल कराओ। आगे की रणनीति भी तैयार की गई। राजेश चौकसे, अमित चौरसिया, शेख शाकिर मसूदी, मधुसूदन भलिका, प्रहलाद महावर, दिव्या राठौर, साजिद शेख, जतिन लश्करी, राकेश निर्मल, लियाकत पटेल, असलम लाला सहित अन्य मौजूद थे।

# ट्रेंडिग हुई झालमुड़ी, मिठाइयों से ज्यादा रही कल पूछपरख

***कइयों को नहीं आती है बनाना तो बांट दिए जीत की खुशी में सेव-परमल***

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल बंगाल में भाजपाई जीत पर प्रदेश भर में भाजपाइयों ने उत्सव मनाया। इन्दौर में भी भाजपाइयों ने झालमुडी बांटकर जीत का जश्न मनाया। मिठाइयों से ज्यादा पूछपरख कल झालमुडी की रही। कई जगह तो झालमुडी की जगह सेव-परमल ही बांट दिए गए। गुगल पर भी झालमुडी ट्रेंडिंग बनी रही।

आमतौर पर जीत की खुशी में मिठाइयों का वितरण किया जाता है लेकिन बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुकान पर जाकर झालमुडी खाई थी। झालमुडी एक ओर जहां बंगाल के प्रसिद्ध व्यंजनों में से है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खाने के बाद झालमुडी और ट्रेडिंग हो गई। हालात यह बन गए कि कलकत्ता के अलावा देशभर में झालमुडी चर्चा में बनी। कल बंगाल में जीत के बाद झालमुडी का ही वितरण किया गया। कल मिठाई कम और झालमुडी ज्यादा बांटी गई। कल लोगों को झालमुडी बनाने की विधि और टेस्ट की समझ नहीं थी तो उन्होने सेव परमल और भेल ही बांट दी, जबकि झालमुडी में मसाले, झन्नाटा और सरसों के तेल का उपयोग होता है। कुल मिलाकर कल मिठाइयों की जगह झालमुडी ही वितरण की गई। झालमुडी वितरण भाजपाइयों की जेब पर भी नहीं पड़ा।

# किला मैदान रोड पर 2 मकान ध्वस्त







## जिला प्रशासन के अनुरोध पर निगम ने की कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम की रिमूवल टीम के द्वारा आज सुबह किला मैदान रोड पर दो मकान ध्वस्त कर दिए गए। जिला प्रशासन के द्वारा किए गए आग्रह के आधार पर निगम की टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई।**

जिला प्रशासन के द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से किला मैदान रोड की सरकारी जमीन को पिछले दिनों नीलामी के माध्यम से बेच दिया गया है। इस जमीन पर जिन लोगों के मकान बने हुए थे उन लोगों को मकान हटाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा चेतावनी दी गई थी। इस चेतावनी के बावजूद किसी ने भी मकान नहीं हटाया। इसके चलते हुए पिछले दिनों जिला प्रशासन ने नगर निगम के माध्यम से कार्रवाई करते हुए वहां बने हुए पांच मकान तोड़ दिए थे। उसे समय पर दो मकान न्यायालय का स्थगन आदेश होने के कारण नहीं तोड़ पाए थे।

इन दोनों मकानों को तोड़ने के लिए आज जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम निधि वर्मा मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने नगर निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए बुला लिया था। इस कार्रवाई का इन दोनों मकान में रहने वाले दिनेश बोडाना और महेश बोडाना के द्वारा विरोध किया गया। उनका कहना था कि हमारे मकान पर न्यायालय का स्थगन आदेश है इसलिए अभी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। प्रशासन के अधिकारियों का कहना था कि यह स्थगन समाप्त हो चुका है। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तक विवाद की स्थिति बनी रही। इसके बाद में कार्रवाई की शुरुआत की जाती उसके पहले दोनों मकान मालिकों को मकान में से अपना सामान निकालने की अनुमति दी गई इसके लिए कार्रवाई को रोककर समय भी दिया गया। इसमें से एक मकान के बाहर की तरफ दो दुकान भी बनी हुई थी।

इन मकान में से जब सामान निकाल लिया गया तब जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम की टीम के द्वारा कार्रवाई की गई। निगम ने जेसीबी के पंजे से कुछ मिनट में ही दोनों मकान को ध्वस्त कर दिया। इन मकान को गिराने के साथ ही अब इनके मांगे को उठाने का काम किया जाएगा और फिर रिक्त जमीन का कब्जा उक्त जमीन को शासन के माध्यम से खरीदने वाले फर्म को दे दिया जाएगा।

## हालात-ए-गणतंत्र

पत्नी से परेशान होकर
तीस वर्षीय जज ने की आत्महत्या
इन दिनों युवा शादी करने से कतरा भी रहे है
कई युवा कोर्ट में जूझ रहे हैं एलीमिनी
दहेज प्रताड़ना वह भी झूठे
परिवार पर आरोप (जैसे जेठ ने छेड़खानी की, किसी के सिखाने पर झूठी रिपोर्ट)
और पुलिस- कानून का रवैया
आत्महत्या ही विकल्प बचता है
शादियों में दोनों पक्ष का बराबरी से खर्चा होता है
तो एलिमीनी किस बात की
एलीमिनी मांग अव्यवहारिक भी और
या साथ रहने की फीस है
अनपढ़, गधेडो ने महिलाओं के पक्ष में इतने कानून बना दिए कि पुरूष अपाहिज हो गया और
वह वीरगति प्राप्त करने में ही भलाई समझता है

**-नकुल रतन पाटोदी**

## कांग्रेस हार पर करें मंथन

### निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ मिशन के जीतू दीवान और उनके साथियों ने केरल में कांग्रेस की जीत पर बधाई दी और जहां हार हुई वहां कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व मंथन करें। दीवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी से अन्य राज्यों में हार पर राष्ट्रीय स्तर पर बैठक कर मंथन करते हुए निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर निष्ठावान युवा जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मौका देने की मांग की है। अगर सही मंथन होगा तो ही आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन कर पाएगी, अन्यथा भाजपा ने कांग्रेस मुक्त जो नारा दिया है वह नारा सही साबित होता दिख रहा है। जीतू दीवान, सचिन सेन, आशुतोष मिश्रा, नियाजउद्दीन अंसारी, डॉ. खलीकुर रहमान, गायत्री तिवारी, शेख समीर, महबूब खान, नरेंद्र अग्रवाल, राहुल पटेल, लक्ष्मण परमार ने केरल जीत पर बधाई दी है और हारे प्रदेशों पर मंथन कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी की और युवाओं को मौका देने की गुहार भी लगाई।



## बंगाल की जीत सुशासन की आकांक्षा का प्रतीक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ से जुड़े सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए लोकतांत्रित मूल्यों की अभिव्यक्ति बताया। यह भी कहा कि यह परिणाम केवल एक राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, परिवर्तन की इच्छा और सुशासन की आकांक्षा का प्रतीक है। लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों, बाधाओं और राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद, बंगाल की जनता ने विकास, पारदर्शिता और राष्ट्रहित की नीति को समर्थन दिया है। यह विजय दर्शाती है कि अब राज्य की जनता स्थिर, सुरक्षित और समावेशी शासन चाहती है।

## भगवामय बंगाल

# बंगाल में उठा हिंदुत्व का परचम जातिवाद से ऊपर तुष्टिकरण के पार

### *सीमाओं के इस महत्वपूर्ण प्रदेश में राष्ट्रवाद की सरकार*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### बंगाल का जश्न समूचे राष्ट्र के साथ इंदौर में भी गूंजा

महापौर ने ताशे बजाए, सांसद ने झांझ थामी, महिला कार्यकर्ताओं ने फुगड़ी खेली और कार्यकर्ताओं साथ नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बंगाल जीत की खुशियां मनाई।



बंगाल में भगवा लहरा गया। सीमाओं के इस महत्वपूर्ण प्रदेश में राष्ट्रवाद की सरकार बनना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक वैचारिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। यह वही बंगाल है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वन्दे मातरम् और जय हिन्द जैसे राष्ट्रवादी उद्घोष पूरे देश को दिए। आज उसी बंगाल से जय श्री राम और जय माँ काली की गूंज के साथ हिन्दुत्व का परचम फिर लहराया है। यह जीत सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि उस विचार की विजय है, जो कुछ समय से दबा हुआ सा महसूस किया जा रहा था।

### हिन्दुत्व बनाम जातिवादः असली लड़ाई

पिछले कुछ समय से यह चिंतन चल रहा था कि क्या भाजपा जातिवाद की ओर झुक रही है? लेकिन बंगाल ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब भाजपा अपने वास्तविक स्वरूप हिन्दुत्व में आती है, तब परिणाम बंपर होते हैं। यह चुनाव जातियों में बंटकर नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पहचान के आधार पर लड़ा गया। बंगाल की अपनी एक पहचान है। बंगाली संस्कृति और उसी के साथ हिन्दुत्व का विस्तार किया गया। यह ठीक वैसा ही प्रतीत होता है जैसे 2014 का चुनाव जहां जातिवाद नहीं, बल्कि विचारधारा केंद्र में थी।

### तुष्टिकरण की राजनीति पर विराम, बंगाल में एक और बड़ा संकेत मिला

वर्षों से चली आ रही तुष्टिकरण की राजनीति अब चुनौती के घेरे में है। बांग्लादेशीकरण का मुद्दा, जो अपनी चरम सीमा तक पहुंच चुका था, अब उस पर रोक लगाने की दिशा में जनमत दिखाई देता है। यह केवल सुरक्षा या जनसंख्या का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संतुलन का प्रश्न भी है। यह चुनाव यह भी बताता है कि 'सरकार किसकी बनेगी' यह तय करने वाली पुरानी धारणाएं अब कमजोर पड़ रही हैं।

### हिन्दुत्व : भाजपा की असली ताकत

यह परिणाम एक स्पष्ट संकेत देता है भाजपा जब भी चुनाव हिन्दुत्व के आधार पर लड़ती है, तब वह मजबूत होकर उभरती है। जातिवाद उसकी मूल पहचान नहीं है। हिन्दुत्व ही वह धुरी है, जिस पर उसकी जीत टिकती है। बंगाल ने यह सिद्ध कर दिया कि हिन्दुत्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि जनमानस की गहरी भावना है।

### भारत और हिन्दुत्व का संबंध

इस परिणाम ने यह विचार और मजबूत किया है कि भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक पहचान में बसती है। हिन्दुत्व उसी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। विभाजन के बाद जो भारत शेष है, वह अपनी जड़ों के साथ खड़ा है और बंगाल ने उसी को पुनः स्थापित करने का संकेत दिया है।

### वामपंथ और वैचारिक संघर्ष

वामपंथ लंबे समय तक बंगाल में प्रभावी रहा, लेकिन यह परिणाम बताता है कि हिन्दुत्व की जड़ों को हिलाना आसान नहीं है। यह केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष है– जहां एक ओर परंपरा और संस्कृति है, और दूसरी ओर उसका विरोध।

### भविष्य के लिए संदेश

बंगाल की यह जीत एक स्पष्ट संदेश है- हिन्दुत्व से दूरी नुकसानदायक हो सकती है, जातिवाद मूल विचार को कमजोर करता है, समाज को जोड़ने का रास्ता सांस्कृतिक एकता में है, यदि पूरे भारत में एक ध्वज, एक विचार को मजबूत करना है, तो वह भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व की जड़ों से ही संभव है।

**निष्कर्ष :** यही रास्ता, यही संकल्प

यह समय सजग रहने का है। यदि हिन्दुत्व को छोड़कर जातिवाद को अपनाया गया, तो भविष्य में नुकसान संभव है।

इसलिए आवश्यक है- जाति विहीन समाज की दिशा में आगे बढ़ना, हिन्दुत्व को केंद्र में रखना और उसी आधार पर राष्ट्र निर्माण करना तभी आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और अखंड भारत का स्वप्न साकार होगा।

**जय हिन्द, जय भारत**
**–अंशुल पंडित**

# स्वच्छता के हालात संभालने के लिए सभी अधिकारियों को मैदान में उतारा

## आयुक्त ने दिए निर्देश, हर अपर आयुक्त भी हर दिन करें दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इन दिनों निगम के द्वारा स्वच्छता के हालात को सुधारने के लिए अपने सभी अधिकारियों को मैदान में उतार दिया गया है। निगम आयुक्त के द्वारा सभी अपर आयुक्त को यह निर्देश दिया गया है कि हर अधिकारी हर दिन दौरा करके हालत को बेहतर बनाने का काम करें।**

केंद्र सरकार के द्वारा कराए जाने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की बेला अब करीब आ गई है। सरकार के द्वारा सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। देश के कई शहरों में यह टीम सर्वेक्षण करने के लिए पहुंचने लगी है। कभी भी मध्य प्रदेश में भी इस टीम का आगमन हो सकता है। इस टीम के द्वारा मध्य प्रदेश में सर्वेक्षण करते हुए सबसे ज्यादा नजर इंदौर शहर पर रहेगी। इंदौर शहर पिछले 8 साल से स्वच्छता में सर्वोच्च स्थान पर बना हुआ है।

इंदौर में अभी स्वच्छता की स्थिति अच्छी नहीं है। नगर निगम को भी यह समझ में आ रहा है कि स्वच्छता के क्षेत्र में अभी काफी काम किए जाने की आवश्यकता है। शहर के नागरिकों की भी स्वच्छता में ज्यादा रुचि इस समय नहीं है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के पोर्टल पर इंदौर के नागरिकों के द्वारा अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की जा रही है। इन हालात में इंदौर की स्थिति को संभालने के लिए नगर निगम के द्वारा मोर्चा खोल लिया गया है। नगर निगम के द्वारा अपने सभी अधिकारियों को स्वच्छता के काम में लगा दिया गया है। इन अधिकारियों से कहा गया है कि हर दिन अलग-अलग क्षेत्र में जाकर दौरा करें और कामकाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी हर दिन अलग-अलग क्षेत्र का दौरा करने जा रहे हैं और स्वच्छता के क्षेत्र में जहां कहीं कोई कमी है तो उससे कमी को दूर करने के लिए अपनी टीम को प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। जिन स्थानों पर ज्यादा लापरवाही नजर आ रही है उन स्थानों पर संबंधित कर्मचारियों वेतन को काटने का आदेश देकर उन्हें दंडित भी किया जा रहा है।

**रुतबा कायम रखना है-** इंदौर का लक्ष्य यही है कि स्वच्छता में सर्वोच्च होने के अपने रुतबे को कायम रखना है। पिछले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ इंदौर स्वच्छता के गुरु के रूप में पूरे देश में अपनी पहचान बना चुका है। इस पहचान को कायम रखते हुए इस साल भी इस स्थिति में रहने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करना कोई आसान काम नहीं है। अभी जो स्थिति है उसके चलते हुए यह लक्ष्य अभी इंदौर के लिए दूर की कोड़ी है।

# 3000 स्थानों पर नर्मदा और ड्रेनेज लाइनें हो रहीं क्रॉस

## निगम का दावा-जहां समस्या आ रही, वहां करवा रहे ठीक

### अमृत योजना में डाली जाएंगी नई लाइनें, जिनमें नहीं होगी क्रॉसिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 32 मौतों के बाद सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में पेयजल लाइनों के लीकेज को लेकर सर्वे करवाया था। इसके बाद इंदौर नगर निगम ने भी सभी 22 जोन में नर्मदा और ड्रेनेज लाइनों का सर्वे करवाया। रिपोर्ट के अनुसार कुल तीन हजार स्थान ऐसे मिले, जहां दोनों लाइनें क्रॉस हो रही थीं या फिर एक-दूसरे के ऊपर-नीचे थीं। इनमें से 56 स्थान ऐसे थे जहां लीकेज था और पानी नर्मदा पाइपलाइन में मिल रहा था, जिन्हें तत्काल ठीक किया गया।**

नगर निगम जल यंत्रालय के अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि भागीरथपुरा कांड के बाद सरकार ने इंदौर की पेयजल और ड्रेनेज लाइनों पर रिपोर्ट मांगी थी। 22 जोन की 8000 किलोमीटर लंबी लाइनों पर सर्वे किया गया, जिसमें 56 स्थान ऐसे मिले जहां नर्मदा के पानी में दूषित जल मिल रहा था। इन्हें तुरंत ठीक कर दिया गया। इसके अलावा लगभग 3000 स्थान ऐसे हैं जहां ड्रेनेज लाइन के ऊपर से नर्मदा लाइन क्रॉस हो रही है। इन्हें ठीक करने के लिए अमृत योजना 2.0 के तहत नई जल वितरण लाइनें डाली जाएंगी। हालांकि ये ऐसे स्थान हैं जो सीधे तौर पर नर्मदा के पानी को दूषित नहीं कर रहे हैं, क्योंकि ये संकरी गलियों में स्थित हैं, जहां नई लाइनें डालने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है।

इंदौर नगर निगम की जलकार्य समिति के प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि पुरानी लाइनों को बदलने का काम भागीरथपुरा घटना से पहले ही चल रहा था। अमृत योजना-1 के तहत भी ड्रेनेज और नर्मदा लाइनें डाली गई थीं। भागीरथपुरा में जो लाइनें वर्तमान में डाली गई हैं, वे पहले ही स्वीकृत थीं, लेकिन अधिकारियों के पास लंबित थीं।

यहां मिले थे लीकेज- महालक्ष्मी नगर, सांई कृपा कॉलोनी, परदेशीपुरा, आजाद नगर, मालवा मिल, बाणगंगा, सुखलिया, नेहरू नगर, भागीरथपुरा, क्लर्क कालोनी, मल्हारगंज

वर्जन- नर्मदा और ड्रेनेज की लाइनें क्रॉस होने या साथ होने के दौरान लाइन लीकेज होने पानी दूषित होने का खतरा होता है, हमने स्थान चिह्नित कर लिए अमृत योजना के तहत आगामी समय में लाइनें बदली जाएगी।

**-आशीष पाठक,** अपर आयुक्त जल यंत्रालय

वर्जन- नर्मदा लीकेज को लेकर रिपोर्ट भोपाल भेजी जा चुकी है। 3000 स्थानों पर नई लाइनें डाली जाएंगी। इसके अलावा शहर में जहां भी नर्मदा पानी के गंदा होने या लीकेज की शिकायत मिल रही है, वहां तत्काल सुधार किया जा रहा है।

**-अभिषेक शर्मा,** जलकार्य समिति प्रभारी

# अग्नि नियंत्रण के लिए फायर हेल्पर और चालक को प्रशिक्षण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर फायर सर्विस को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया इनमें आउटसोर्स के 33 फायर हेल्पर और चालक की जो नियुक्तियां हुई थी उन्हें भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे फायर स्टेशन में बल की कमी भी ना हो और वे सभी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में मजबूती से काम कर सके। आग पर नियंत्रण के लिए उन्नत तकनीक के तहत फायर फाइटिंग रोबोट का क्रय किया गया है, जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है। फायर अधीक्षक आशीषकुमार पाठक ने बताया कि नवनियुक्त कर्मचारियों को दक्ष और प्रशिक्षित बनाने के लिए फायर स्टेशन लक्ष्मीबाई नगर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए अब फायर फाइटिंग रोबोट का इस्तमाल शुरू कर दिया गया है। इसके लिए भी टीम को प्रशिक्षण दिया गया। जहां आग बुझाने का खतरा ज्यादा होता है वहां भी यह रोबोट आग बुझाने का काम करेगा।

# निर्माण एजेंसियां बीते 1 साल से शहरवासियों के सब्र की ले रही परीक्षा, अब रोड पर वाहन चलाना बना चुनौती

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर में ब्रिज बनाने वाली निर्माण एजेंसियों पर किसी की लगाम नहीं है। महापौर से लेकर विधायक और विधायक से लेकर मंत्री तक सभी बेबस बने हुए हैं और शहर वासियों के सब्र का इम्तिहान पिछले 1 साल से चल रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सत्यसाईं देवास नाका और मूसाखेड़ी चौराहे पर है जहां फ्लाईओवर ब्रिज बनाए जा रहे हैं, तीनों स्थानों पर ब्रिज का निर्माण एक ही एजेंसी मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी के द्वारा इन स्थानों पर वाहनों के गुजरने के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है इसके अलावा जिन स्थान से वाहन गुजरने की जगह है वहां भी घटिया सड़के हैं। यह अत्यधिक सँकरी होने के साथ ही इन सड़कों पर अतिक्रमण भी नहीं हटाया गया है ऐसे में पिछले 1 साल से यहां से गुजरते हुए वाहन चालक अपने सब्र की परीक्षा दे रहे हैं।

**पिछले साल विधानसभा तक उठा सड़क सुधार का मुद्दा-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा भी लगातार इन एजेंसियों को सुधार कार्य के लिए हिदायत दी जा रही है पिछले 1 साल से सर्विस रोड सुधारने के लिए एजेंसियों को पत्र लिखा जा चुका है इसके अलावा स्वयं मौके पर भी महापौर कई बार निरीक्षण कर चुके हैं यह मुद्दा विधानसभा तक में ले जाया जा चुका है।

**बारिश पूर्व डायवर्ट मार्ग ठीक करें-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि पिछले 1 साल से ब्रिज निर्माण के चलते ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है निर्माण एजेंसियों को लगातार सड़के सुधारने के लिए हिदायतें दी जा रही है। शहरवासी लगातार यहां से गुजरने के दौरान होने वाली समस्याओं से जूझ रहे हैं, 1 साल पहले भी सड़कों के आसपास खुदाई की गई थी और बारिश के दौरान पेचवर्क नहीं किया गया। लगातार एमपीआरडीसी के अधिकारियों को फटकार लगाने पर उन्होंने पैचवर्क काम किया था जिसके बाद से सड़क वैसी ही है। अब 1 महीने बाद फिर बारिश आने वाली है। देवास नाका, सत्य साईं चौराहा और मूसाखेड़ी पर बन रहे ब्रिज की सर्विस रोड को दुरुस्त करने एवं मार्ग को ठीक बनाने के लिए मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अधिकारियों से चर्चा की गई है और सड़कों को बारिश शुरू होने से पहले ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट तौर पर यह कहा गया है की बारिश के दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। आवागमन बगैर बाधा के जारी रहे ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जाम की स्थिति नहीं हो इसके लिए जिन स्थानों पर काम किया जा चुका है वहां रास्ता क्लियर किया जाए।

**खराब सड़कों को लेकर नागरिकों में आक्रोश-** वही आम नागरिकों में सड़कें सुधार नहीं होने पर आक्रोश है। उन्होंने कहा कि मंत्री, नेता, विधायक आम नागरिकों के साथ छलावा कर रहे हैं। व्यापारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि एक ओर कहां जा रहा है कि मध्य प्रदेश में चमचमाती सड़क हैं लेकिन दूसरी ओर आम नागरिकों के साथ धोखा करके गड्ढेदार और खराब सड़कों पर टोल टैक्स वसूला जा रहा है। बाईपास सड़क पूरी तरह से खराब है इसका रखरखाव भी नहीं किया गया। गड्ढे सड़क पर पड़े हुए हैं इसके बावजूद आम नागरिकों से करोड़ों रुपए टैक्स टोल के रूप में वसूला जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों की हालत खराब हो रही है नगर निगम द्वारा ठीक नहीं किया गया है जहां ब्रिज बनाए जा रहे हैं वहां उससे अधिक सड़के खराब है लेकिन समस्या का निराकरण करने वाला कोई नहीं। दुर्घटना से बचने के लिए आम नागरिकों को ही नए रास्तों का चयन करना होगा।

**डेडलाइन से एक साल ऊपर गुजरे, ब्रिज निर्माण अधूरा-** मामले में विधायक महेंद्र हार्डिया ने बताया कि लगातार निर्माण एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिए कहां गया है। पिछले 1 साल से लोग परेशान हो रहे हैं। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तीनों ब्रिज के निर्माण हेतु तय समय सीमा खत्म हो चुकी है, एक साल से अधिक समय इन्हें गुजर गया है। नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को काम तेज करवाने के साथ ही एजेंसियों पर जुर्माना लगाने के लिए पत्र लिखा गया है।



# वैष्णो देवी के भक्तों ने वितरित किए सकोरे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ वैष्णो देवी भक्त युवा मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के साथ पक्षियों के लिए सकोरो का वितरण किया। कई जगह सकोरे लगाए भी गए और उनमें पानी भी भरा और दाने भी रखे। 1500 सकोरों का वितरण अभी तक संस्था कर चुकी है। धर्मेन्द्र जोशी, बंटी शर्मा, हेमराज सेन, दिलीप सोलंकी, राहुल शेखावत, जय्यू जोशी इस सेवाकार्य में लगे हैं।

# फिलेटेलिक एवं न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त सभा

## बेंगलुरु एवं पुणे से आए मेहमानों का भी हुआ सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यूमिस्मेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा में इस बार बेंगलुरु से आई रीना श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में 3 फिलेटेलिस्ट एवं 3 न्यूमिस्मेटिस्ट का सम्मान किया गया। सोसायटी द्वारा समय कैंप लगाने का संकल्प भी किया गया। रीगल स्थित कॉफ़ी हाउस पर सोमवार को सुबह हुई इस सभा के शुभारंभ की घोषणा नरेन्द्र अग्रवाल ने की। सबके अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना रवीन्द्र व्यास ने की और स्वागत उद्बोधन जयंत डोसी ने दिया। बेंगलुरु से आई नव्या श्रीवास्तव एवं पुणे से आए हर्षवर्धन लाड के साथ ही नरेन्द्र अग्रवाल, प्रो. शिवम चतुर्वेदी, मेजर डॉ. महेश कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत जैन, राजेंद्र अग्रवाल एवं सुरेश भागचंदानी को भी सम्मानित किया गया। लक्ष्मीकांत जैन ने अपने ओरछा संकलन का प्रदर्शन किया। मुंबई मेरी जान संकलन का प्रदर्शन भागचंदानी ने किया। सदस्यों को जयंत डोसी, डॉ. मुकेश पाटीदार एवं कन्हैयालाल ठक्कर द्वारा उपहार भेंट किए गए। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने किया।





# अग्र दया का मासिक मिलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था अग्र दया ने मासिक मिलन का आयोजन बिट द हिट थीम पर किया। कपल गेम और तम्बोला भी खिलाया गया। प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल, जगदीश गोयल, आरती अरुण गोयल, पिंकी पंकज अग्रवाल, मुक्ति गोपाल अग्रवाल, नम्रता राजेश गर्ग, मंजू मनीष अग्रवाल, सोनी हेमंत गोयल ने अपनी भूमिका निभाई।

# आर्य समाज महू की नई कार्यकारिणी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आर्य समाज महू ने यज्ञ का आयोजन किया और उसके बाद भजन और मार्गदर्शन सत्र भी हुआ। द्वितीय सत्र में बैठक का आयोजन किया, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन प्रकाश आर्य की मौजूदगी में किया गया। प्रधान प्रकाश आर्य, उपप्रधान राधेश्याम बियाणी, मंत्री श्रीधर गोस्वामी, कोषाध्यक्ष राजेश नैनावा, उपमंत्री द्रोणाचार्य दुबे, सुनीधि शर्मा का निर्वाचन हुआ, जिन्हें बधाई भी दी गई।

# मंशापूर्ण शनि मंदिर पर महोत्सव होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यंग इंडिया क्लब के तत्वाधान में जिंसी चौराहा स्थित मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का आयोजन 14 से 16 मई तक किया जाएगा। कई संत-महंत मौजूद रहेंगे। शनि पीड़ा निवारण पुस्तिका का निशुल्क वितरण होगा। पुष्प बंगला, महाआरती, 56 भोग एवं सुंदरकांड के पाठ सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। शनि जयंती पर दिन भर अनुष्ठान और पूजन के आयोजन होंगे। श्याम अग्रवाल, डॉ. निर्मल महाजन ने उक्त जानकारी दी।



# मेटांगे दंपति का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंद्रा नगर के तथागत बुद्ध विहार, डॉ. अम्बेडकर पंच भवन मे भंते ज्ञानज्योति व भंते शाक्यपुत्र सागर के मुख्य आतिथ्य मे थाईलैंड से आई गौतम बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान 51 जोड़ो की मौजूदगी मे महापरित्राण पाठ किया गया। जिसमे सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर मेटांगे और अर्चना मेटांगे को भंते ज्ञानज्योति ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लक्ष्मण वाघ, सुलाबाई वाघ, मुकुल वाघ, आनंद वाघ, सुधाकर वाघ, गौतम खण्डेराव, रवि धुरंदर, निक बावा, आकाश वाघोदे मौजूद थे।

# बड़ा मंगलवार...हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज बड़ा मंगलवार है, हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया है। ज्येष्ठ माह में आने वाले मंगलवार को बड़े मंगलवार कहा जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इन्हीं दिनों में भगवान राम और हनुमानजी का मिलन हुआ था, इसलिए ज्येष्ठ माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा मंगलवार माना जाता है। इस वर्ष अधिकमास होने के कारण अधिकमास में आने वाले मंगलवार को भी बड़ा मंगलवार माना जाता है। ऐसे में इस बार आगामी 8 मंगलवार बड़े है। आज शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया। वीर अलीजा हनुमान मंदिर में हनुमानजी का कीर्तन करते हुए स्वरूप श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग भी अर्पण किए गए। रजनी गंधा के फूलों से सजावट की गई। इसके अलावा रणजीत हनुमान मंदिर, बड़े बालाजी नवलखा पर भी विशेष चोला चढ़ाया जा रहा है।

# आगार का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चयनित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के रहने वाले और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) खड़गपुर में एम. टेक. के छात्र निकुंज आगार के शोध पत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। निकुंज को 'यूरोपियन जियोसाइंसेज यूनियन (ईजीयू) जनरल असेंबली 2026' में शोध पत्र प्रस्तुति के लिए वियना (ऑस्ट्रिया,यूरोप) आमंत्रित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मेलन के लिए निकुंज को उनके शोध के लिए बधाई देते हुए शोधपत्र प्रस्तुत करने का निमंत्रण दिया गया है। यह सम्मेलन शुरू हो चुका है, जो 8 मई तक ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में आयोजित किया जाएगा। इस वैश्विक मंच पर उनके शोध के चयन से शहर और संस्थान दोनों का गौरव बढ़ा है। निकुंज इंदौर निवासी श्री राघव नीरू आगार के सुपुत्र हैं।

# खान और तंवर का विदाई आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्वास्थ्य विभाग से जुड़े रहे रामकिशन तंवर और नौशाद खान के सेवानिवृत्त होने के बाद दोनों कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। लेखपाल वासुदेव नथानी, उदय पॉल, मनीष सर, तेज सिंह, सरफराज अली, नारायण भाटिया, उदय पाल, श्याम उपस्थित थे।







# पालीवाल समाज करा रहा है भागवत प्रीमियर लीग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पालीवाल समाज द्वारा बीपीएल प्रीमियर लीग के आयोजन में 17 टीमें भाग ले रही है। भागवत सेवा समिति के बैनर तले युवा खिलाड़ियों को कल से मौका रात्रिकालीन क्रिकेट में मिलेगा। यह आयोजन कल 6 से 10 मई तक चलेगा। कपिल पुरोहित, भास्कर जोशी, जयेश व्यास आयोजन से जुड़े हैं। भूरालाल जोशी, विजय जोशी, संतोष बागोरा, मुकेश उपाध्याय की मौजूदगी में कई पुरस्कार दिए जाएंगे।

# जनकल्याण समिति में बने पदाधिकारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सेवा सेतु शिक्षा एवं जन कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। पदाधिकारियों को घोषित कर उन्हें नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इनमें मोहितानन्द महाराज को प्रदेश अध्यक्ष, हिमांशु यादव को शहर अध्यक्ष, सरिता तिवारी को इंदौर लोकसभा अध्यक्ष, रवि वर्मा को उपाध्यक्ष, संजय तीसगांवकर को कोषाध्यक्ष, अजय भट्ट को संगठन मंत्री, लक्ष्मी शर्मा को सहसचिव , अंतरसिंह राजपूत को सह संगठन मंत्री, विश्वास द्विवेदी को महासचिव, दलजीत सिंह भाटिया को उपाध्यक्ष, सूरज यादव को उपाध्यक्ष, राजेश शुक्ला को प्रवक्ता एवं देवराज विश्वकर्मा को कार्यकारिणी सदस्य का नियुक्ति पत्र शैलेष त्रिपाठी ने सौंपा।



# बर्तन व्यवसायी रहेजा का निधन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बर्तन व्यवसायी कन्हैयालाल रहेजा का निधन हो गया। उनकी शवयात्रा आज उनके निवास राजमहल कालोनी से निकलकर रिजनल पार्क मुक्तिधाम ले जाई गई। मुक्तिधाम पर बड़ी संख्या में बर्तन व्यवसायी सिंधी समाजजन और निकट के लोग मौजूद है। वे राधेश्याम, चन्द्रप्रकाश के बड़े भाई थे। वहीं हीरालाल, कमल के भी बड़े भाई थे।

# दोस्तों ने मनाया ग्रुप का स्थापना दिवस




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जीएससी फ्रेंड्स सर्कल के 50 वर्ष पुराने मित्रों ने ग्रुप स्थापना के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन किया।गीत-संगीत का आयोजन भी हुआ, पुराने दिनों को भी याद किया। तम्बोला भी खिलाया गया, साथ में भोजन भी किया। सतीश शर्मा, अनिल व्यास, प्रदीप जौहरी, विमल प्रजापत और सिंधु वागेला ने कई पुराने गीत सुनाए। सुरेन्द्र बंसल, सतीश-किरण शर्मा व राजेंद्र-ममता दुबे, केदार-मनीषा शर्मा, योगेश-अमिता रघुवंशी, उमेश-अल्पना दवे, अनिल-अनुपमा भटेवरा, कृष्णा व्यास, चंद्रा प्रजापत व स्मिता जौहरी, अनिल जौहरी, रेखा जौहरी, डॉ. दिलीप वागेला उपस्थित थे।

# गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की मॉनिटरिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

'गरुड़ पोर्टल' से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रेकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है।

# बढ़ती गर्मी में बिजली की मांग बढ़ी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अप्रैल के बाद मई में भी बढ़ती गर्मी बिजली की भारी मांग की स्थिति है। मई के पहले चार दिनों में सवा पांच करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली वितरण हुआ हैं। वहीं अधिकतम मांग 637 मैगावाट दर्ज हुई हैं। बीती मध्यरात बारह बजे बिजली की मांग 590 मैगावाट के पार रही।

# 220 लोगों की आंखों की जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय संयुक्त तत्वावधान में नगीन नगर पर नेत्र शिविर लगाया। शिविर में 220 मरीजों ने लाभ लिया, 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 110 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।



# बाबा का सत्संग प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाबा उमाकान्त महाराज ने पालिया ग्राम में सत्संग प्रवचन का आयोजन किया। बडी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में आगामी जीवन रक्षक भंडारे में भी आने का आव्हान किया।



# इंटरनेशनल बौद्ध धर्म गुरु का स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** थाईलैंड से बौद्ध मास्टर झेन एवं शाक्यपुत्र सागर महाथेरो इंदौर आगमन पर राहुल निहोरे के निवास पर पहुँचे। निहोरे ने भंते का स्वागत सत्कार किया।

# अधिक मास में भागवत व रामायण के मूल पारायण एवं अनुष्ठान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हंसदास मठ पर अधिक-पुरुषोत्तम मास में स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में 17 मई से 15 जून तक पूरे माह भागवत एवं रामायण, पारायण के मूल पाठ तथा जाप अनुष्ठान भी होगा। रोजाना आरती भी की जाएगी, ब्राह्मण और संतों की प्रसादी भी होगी। तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस माह भगवान लक्ष्मीनारायण का गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्रीसूक्त पाठ भी होगा। आयोजन के पूर्व शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

# वनबंधु परिषद के सभी अंगों की सभा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जाल सभागृह में वनबंधु परिषद के हर अंग इकाई की साधारण सभा आयोजित की गई। इसमें सेवा प्रकल्पों को और अधिक रफ़्तार से आगे बढाने का संकल्प लिया गया। परिषद और फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल सोसायटी युवा इंदौर के प्रकल्पों को और अधिक रफ़्तार से आगे बढाने का संकल्प किया गया। यह पहला मौका था जब परिषद के सभी अंगों ने अपनी वार्षिक साधारण सभा को एकसाथ, एक मंच पर और एक ही स्थान पर आयोजित किया। रामअवतार जाजू, गीता मूंदड़ा, विनिता जाजू, अखिलेश राठी, सीमा रणधर, आयुष गर्ग, नवीन खंडेलवाल, नीलम बाल्दी, दीपिका माहेश्वरी ने अपनी भूमिका निभाई। गतिविधि और संस्था की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।





# वेदांत सम्मेलन में संतों के प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीश्री माता आनंदमयी पीठ पर श्री श्री आनंदमयी मां के जन्म महोत्सव पर वेदांत सम्मेलन में संतों ने प्रवचन दिए। आज 7वें दिन मुख्य महोत्सव किया जा रहा है उसी के बाद आयोजन का समापन होगा। आज सुबह पादुका पूजन, हवन-पूर्णाहुति के आयोजन स्वामी केदारनाथ महाराज के सान्निध्य में किए जा रहे है। संतों के प्रवचन भी हो रहे है।

# आज शाम से नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खजराना गणेश मंदिर परिसर में आज शाम 5 से 8 बजे तक सात दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शाम को वृक्ष कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। जिसमें बडी संख्या में मातृशक्तियां नर्मदा जल कलश में लेकर चलेंगी। पौधों का वितरण भी होगा। इसके लिए दादा गुरु भगवान भी आएंगे और परिक्रमावासी आचार्य रविकांत शास्त्री माँ नर्मदा की महिमा सुनाएंगे। इस आयोजन के लिए कई संत, महंत और आचार्य भी बाहर से इन्दौर आएंगे। इन्दौर में यह आयोजन पहली बार होने की बात भी कही जा रही है। क़ई राजनेताओं को भी आयोजन में आमंत्रित किया गया है।

# जैन नवकार परिवार ने कराया संकल्प



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन समाज से जुडी नवकार परिवार संस्था द्वारा संचालित मेघ संस्कार वाटिका द्वारा महावीर बाग पर स्ट्रॉग फाउंडेशन-हैप्पी फैमिली थीम पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। नवकार परिवार ने तीन हजार पालकों-बच्चों ने परिवार की खुशियों और सम्मान को सर्वोपरि रखने का संकल्प कराया। स्पीकर मनीष वघासिया ने मुख्य वक्ता के रूप में करीब डेढ़ घंटे तक 700 बच्चों और उनके डेढ़ हजार से अधिक पालकों को बहुत भावनात्मक और सरल शब्दों में परिवार का महत्व समझाया। डॉ. प्रकाश बांगानी, मनोहरलाल जैन सेमलिया वाले, महेन्द्र गुरुजी, प्रवीण गुरुजी एवं अभय गुरूजी, जयंत खाब्या, विनीत मेहता, शुभम पटवा, प्रनेह चौरड़िया, संयम, शरद शाह मौजूद थे।

# यादव ने आयोग अध्यक्ष का कार्यभार सम्भाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में रेखा यादव ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके साथ ही नवनियुक्त सदस्य साधना स्थापक ने भी कार्यभार संभाला। यादव ने कहा कि आयोग अब केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महिलाओं के वैचारिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगा। अक्सर जानकारी के अभाव में महिलाएं शोषण सहती रहती हैं। राज्य महिला आयोग अब एक मित्र और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। हम हर जिले में महिलाओं तक पहुंचेंगे ताकि वे बिना किसी डर के अपनी बात रख सकें।



# अब नगर निगम पीपीपी मॉडल पर करेगा बिलावली झील का सौंदर्यकरण और विकास

## पैडल बोटिंग और स्विमिंग करने की मिलेगी अलग से सुविधा

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम अब बिलावली झील तालाब के जिर्णोद्धार और सौंदर्यकरण की योजना पर जल्द काम शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत पीपीपी मॉडल पर खंडवा रोड पर स्थित बिलावली तालाब झील के सौंदर्य करण और विकास कार्य के अंतर्गत योजना बनाकर काम करने के लिए हाल ही में निविदा जारी की है। जिसके अंतर्गत इस निविदा में पैडल बोटिंग की सुविधा , सेलिंग, कयाकिंग आदि साथ ही निर्धारित क्षेत्र में जल क्रीड़ा यानी स्विमिंग करने की सुविधा भी प्रदान करेगा। जिसको लेकर निगम ने पूरी प्लानिंग के साथ तैयारी शुरू कर दी है।

### इंदौर के किसी तालाब के आसपास नहीं है अभी ऐसी कोई सुविधा

खास बात यह है कि वर्तमान में इंदौर के किसी भी तालाब के आसपास इस तरह की सुविधा नहीं है। खजराना, निपानिया, लसूड़िया, पिपलियापाला या पिपलियाहाना तालाब हो वर्तमान में कहीं भी निगम द्वारा इस तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है। हालांकि पहले पिपलिया पाला तालाब रीजनल पार्क में जरूर बोटिंग की सुविधा शुरू हुई थी। लेकिन अब सालों से बंद पड़ी है। वहीं अब आने वाले दिनों में खंडवा रोड पर स्थित बिलावली तालाब एकमात्र ऐसा तालाब होगा जहां निगम द्वारा लाखों रुपए खर्चकर यहां आने वाले पर्यटकों के लिए इस तरह की खास सुविधा प्रदान की जाएगी। जिसके लिए निगम ने अपनी ओर से पूरी प्लानिंग के साथ पीपीपी मोड पर निजी भागीदारी के अंतर्गत बिलावली तालाब के सौंदर्य करण और सुविधाएं जुटाने के लिए विकास कार्य और जीर्णोद्धार की योजना बनाकर काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# बादाम और केसर की जबर्दस्त आवक के साथ अब हापुस की भी होने लगी अच्छी खासी आवक



**इंदौर।** इंदौर चोइथराम मंडी में पिछले कुछ समय से बादाम और केसर आम की जबरदस्त आवक से जहां इनके दाम भी घटकर बदाम 80 से 120 रूपए किलो जबकि केसर और हापुस 200 से ढाई सौ रुपए किलो के भाव मिल रहे हैं। वही हापुस आम की आवक भी अब बाज़ार में अच्छी खासी मात्रा में शुरू हो गई है। जिसके अंतर्गत प्योर नेचुरल महाराष्ट्र लाइन के ओरिजनल हापुस आम भी 800 से एक हजार रूपए दर्जन के भाव बताए जा रहे हैं। पिपलियाहाना क्षेत्र स्कीम 140 के थोक एवं खेरची व्यापारी नितिन भीलवारे कहना है कि इनके अलावा आंध्र प्रदेश से भी आने वाले दिनों में कुछ खास वैरायटी आम की आने वाली है। इसके अलावा वर्तमान में दशहरी और सिंदूरी लाल पट्टा की भी मद्रास लाइन से आवक हो रही है।

### बाहर से आने वाले तरबूज की अब होने लगी विदाईः कमजोर आवक से हुए महंगे

अब बाहर से आने वाले तरबूज की आवक भी धीरे - धीरे कमजोर होने लगी है। जिससे तरबूज के दाम भी बढ़ गए है। थोक और खेरची व्यापारी विशाल प्रजापति, विरेंद्र सिसोदिया के मुताबिक अब बाहर से तरबूज की आवक कम हो गई है जिससे भाव 25 से 30 किलो के हो गए है। यही नहीं इसके अलावा मुंबई की घटना के बाद से भी तरबूज की बिक्री पर असर पड़ा है। मुंबई की घटना के बाद से सोशल मीडिया पर जमकर चित्र वायरल हुए थे, और घटना से संबंधित मैसेज और फोटो और वीडियो भी वायरल हुए थे। उसके बाद से ही इंदौर शहर में भी तरबूज की खरीदी और बिक्री पर असर साफ दिखाई दे रहा है। वहीं अब कहा जा रहा है कि बेहद जल्द मध्यप्रदेश के लोकल क्षेत्र शाजापुर मंडी और आसपास का देशी तरबूज बिकने आने लगेगा उसके बाद भाव कम होंगे। यही नहीं यह तरबूज फिर सीजन के लास्ट तक चलेगा।

# मुंबई जाने वाले यात्रियों को रेलवे की बड़ी राहत

## सोमवार से सप्ताह में दो दिन इंदौर और मुम्बई सेंट्रल के बीच स्पेशल किराए के साथ चलेंगी एसी सुपरफास्ट ट्रेन



इंदौर। पश्चिम रेलवे द्वारा इस भीषण गर्मी में मुंबई जाने वाले यात्रियों की सुविधा और यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाने के लिए और विशेष रूप से यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए इन्दौर और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09079-09080 मुंबई सेंट्रल–इंदौर एसी सुपरफास्ट स्पेशल दोनों दिशाओं में 17-17 फेरे लगाएगी।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:

मुंबई से रविवार और मंगलवार को चलेंगी सुपर फास्ट ट्रेन

ट्रेन संख्या 09079/09080 मुंबई सेंट्रल – इंदौर एसी सुपरफास्ट स्पेशल (द्वि-साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09079 मुंबई सेंट्रल – इंदौर स्पेशल प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 23:20 बजे मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13:00 बजे इंदौर पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 मई, 2026 से 28 जून, 2026 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के दाहोद(07.10/07.12), रतलाम(08.45/08.55), उज्जैन (10.50/10.55) पर आगमन प्रस्थान होगा।

इंदौर से सोमवार और बुधवार को होगा संचालन

इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09080 इंदौर–मुंबई सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 17:00 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 मई, 2026 से 29 जून, 2026 तक चलेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के उज्जैन (18.20/18.25), रतलाम (20.05/20.10) एवं दाहोद (21.55/21.57) बजे आगमन/प्रस्थान होगा।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम एवं उज्जैन स्टेशनों पर ठहरेगी।

### इस ट्रेन में एसी 3-टियर कोच होंगे।

*ट्रेन संख्या 09079 एवं 09080 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर प्रारंभ है। ट्रेनों के समय, ठहराव एवं संरचना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए यात्री रेलवे की वेब साइड पर जाकर अवलोकन कर सकते है।*

# अहिल्यापुरावासियों को बारिश में मुख्य सड़क से आने-जाने में नहीं होगी परेशानी



**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा कायाकल्प अभियान 2 के तहत अब वार्ड क्रमांक 8 के अहिल्यापुरा क्षेत्र में मुख्य सड़क पर नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। जिसके लिए निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। निगम द्वारा बाकायदा इस काम के लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। करीब 30 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से निगम यहां लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय नई पहले से चौड़ी और मजबूत सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करेगा। यही नहीं इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि आने वाले दिनों में लोगों को बारिश के दौरान मुख्य सड़क पर कीचड़ और गंदगी के साथ ऊबड़-खाबड़ सड़क से नहीं गुजरना पड़ेगा। नई सड़क तैयार हो जाने से फिर कहीं भी फिसलन का भी डर नहीं रहेगा। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों में जबरदस्त खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और निगम की पहल से सालों पुरानी सड़क की बजाय अब नई चलचमाती सड़क की सौगात मिलने वाली है।

# वृक्षारोपण से वृद्धाश्रम तक सेवा



**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मैंनेजमेंट, बोरावां द्वारा दो दिवसीय सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले दिन पौधारोपण और दूसरे दिन आनंद बसेरा वृद्धाश्रम महेश्वर में सेवा कार्य किया गया। वृद्धजनों को वस्त्र भी भेंट किए, आरओ मशीन भी प्रदान की गई। सभी को भगवत गीता दी गई। डॉ. निशांत दुबे ने अपनी भूमिका निभाई।

# सोयाबीन के बाजार में लंबे समय के बाद आई रिकॉर्ड तेजी



**इंदौर।** इन दिनों सोयाबीन बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। पिछले दिनों हफ्तेभर के भीतर ही सोयाबीन के भाव में लगभग 400 से 500 रु. प्रति क्विंटल की उछाल दर्ज की गई है। यही नहीं इससे सोयाबीन का बाजार भाव थोक में 6600 प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है। वहीं कहा जा रहा है कि बाजार में तेजी का यह सिलसिला अभी आगे भी जारी रह सकता है और हाल के दिनों में ही 100- 200 रु. प्रति क्विंटल की अतिरिक्त मजबूती देखने को मिली है।

**प्रमुख प्लांटों में तेजी के बाद सोयाबीन के भाव-** महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के अधिकांश सोया प्लांटों में सोयाबीन के भाव लगभग 6400 से 6500 प्रति क्विंटल तक कारोबार कर रहे है। जबकि कीर्ति प्लांट पर भाव 6600 प्रति क्विंटल तक पहुंच गया है।

**विदेशी बाजारों में भारतीय सोया डीओसी की मांग तेजी का प्रमुख कारण-** जानकारों के मुताबिक़ सोया डीओसी की विदेशी बाजारों में मजबूत मांग इस तेजी का मुख्य आधार बनी हुई है। मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण दक्षिण अमेरिका से सप्लाई प्रभावित हुई है। जिसका सीधा फायदा भारतीय सोया मिल को मिल रहा है। विदेशी बाजारों में भारतीय सोया डीओसी की मांग में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। जिससे आगे भी तेजी की संभावना बनी रहने की धारणा व्यापारियों में बन रही है।

**घरेलू बाजार की स्थिति-** देश में पुरानी फसल का स्टॉक सीमित होने से मिलों को क्रशिंग के लिए पर्याप्त सोयाबीन नहीं मिल रहा है। आवक कमजोर बनी हुई है, जिससे सप्लाई टाइट हो गई है। इसके साथ ही एल-नीनो के प्रभाव के चलते आने वाली नई फसल की पैदावार को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

**सरकारी नीति का भी तेजी पर असर-** इसके अलावा सरकार भी बाजार को कमजोर करने के मूड में नजर नहीं आ रही है। नाफेड ने अप्रैल अंत की सभी सरकारी नीलामी में नीची बोलियों को अस्वीकार कर दिया, जिससे बाजार को अतिरिक्त समर्थन मिला।

**आगे और बाजार बढ़ने की व्यापारिक धारणा-** सोयाबीन बाजार पहले ही 400 से 500 रूपए प्रति क्विंटल तक की तेजी दिखा चुका है, लेकिन मौजूदा सप्लाई संकट और मजबूत मांग को देखते हुए यहां से भी 100- 200 प्रति क्विंटल की और तेजी बन सकती है।

**मुख्य नजर अब स्टॉक रिपोर्ट पर-** अभी अप्रैल महीने की वास्तविक खपत और स्टॉक रिपोर्ट आना बाकी है। मार्च तक के उपलब्ध आंकड़ों के मुकाबले अप्रैल में खपत अधिक रहने की संभावना है। जिससे बाजार को और मजबूती मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि सोयाबीन के भाव का आंकड़ा उछलकर 7000 के आसपास भी जा सकता है।

## संपादकीय

# दिल्ली आग हादसाः 'सेंट्रल लॉक' और बंद निकास का जाल, सुरक्षा इंतजाम ही बने मौत की वजह

रविवार तड़के हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में एक रिहाइशी इमारत में आग से नौ लोगों की मौत की घटना को लेकर जो बातें सामने आई हैं, उनसे सुरक्षा प्रबंधों पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इमारत में सेंधमारी से बचाव के लिए लगाई गई 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली, लोहे की मोटी ग्रिल और निकास के लिए वैकल्पिक बंदोबस्त न होना जानलेवा साबित हुआ। सुरक्षा के नाम पर की गई इस व्यवस्था ने आग और धुएं से घिरे लोगों के बचाव के रास्ते को ही बंद कर दिया। सवाल है कि बड़े शहरों में बनने वाले आवासीय परिसरों में सुरक्षा इंतजामों की समय-समय पर जांच क्यों नहीं की जाती? जब किसी इमारत में एक खतरे के मद्देनजर कोई सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाते हैं, तो दूसरे जोखिमों को नजरअंदाज क्यों कर दिया जाता है! क्या भवन निर्माताओं के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन की यह जिम्मेदारी नहीं है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवासीय परिसरों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं? गौरतलब है कि रविवार तड़के हुई आग की इस घटना के दौरान इमारत की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया और दरवाजा नहीं खुलने से लोग अंदर ही फंसे रह गए। जब बचाव कार्य शुरू हुआ, तो बंद बालकनी और इमारत में पीछे की ओर लगी लोहे की मोटी ग्रिल की वजह से लोगों को तत्काल बाहर नहीं निकाला जा सका। बाद में ग्रिल को काटकर रास्ता बनाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। यही नहीं, इमारत में आने-जाने के लिए केवल एक ही सीढ़ी थी, आपात स्थिति में निकासी के लिए वैकल्पिक मार्ग की कोई व्यवस्था नहीं थी। हैरत की बात है कि वाहनों और इमारतों में आग की घटना के दौरान 'सेंट्रल लॉक' प्रणाली की वजह से जान जाने की खबरें अक्सर आती रहती हैं, इसके बावजूद सुरक्षा के स्तर पर कहीं कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। आवासीय इमारतों में सुरक्षा उपायों की गहन जांच-पड़ताल के बिना ही बिजली-पानी के कनेक्शन दे दिए जाते हैं। सरकार और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस तरह की अनियमितता और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ न हो।

# नाले में मिल रहे ड्रेनेज के आउटफाल बंद करने के दिए निर्देश

## पहले भी कई बार कर चुके हैं आउटफाल को बंद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह निगम के अधिकारियों को नाले में मिल रहे ड्रेनेज के आउटफाल बंद करने के निर्देश दिए। यह काम निगम पहले भी कई बार कर चुका है लेकिन हमेशा परिणाम जस का तस बना रहता है।**

सिंघल ने आज बारामत्था रोड, दयानंद नगर, जोशी मोहल्ला, लालबाग के पीछे, गणगौर घाट, माणिक बाग, अशोक कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां चल रहे नदी-नाला सफाई कार्य एवं आउटफॉल टेपिंग कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर आउटफॉल टेपिंग के कार्य शेष हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। सिंघल ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय सीमा में



पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि नदी-नालों की नियमित सफाई करें इससे जलभराव की समस्या में कमी आएगी।

सिंघल ने ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं मलेरिया विभाग की टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से दवाई का छिड़काव किया जाए तथा फॉगिंग मशीन के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं। बीमारियों की रोकथाम के अभियान चलाया जाएं।

# कुख्यात बदमाश लंगड़ा पर रासुका की कार्रवाई

**इन्दौर।** पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शहर के गुंडे-बदमाशों के खिलाफ जारी सख्त अभियान के तहत जूनी इंदौर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इलाके के शातिर और आदतन अपराधी लकी उर्फ लाखन उर्फ लंगड़ा पर रासुका लगाकर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। आरोपी जिला बदर होने के बावजूद शहर की सीमा में छिपकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। एसीपी विजय चौधरी के अनुसार, आरोपी लकी पिता राजेश निवासी जोशी कॉलोनी, एक कुख्यात और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों जैसे जूनी इंदौर, भंवरकुआं, एमजी रोड और राजेंद्र नगर में मारपीट, अड़ीबाजी और धमकाने जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। लकी की आपराधिक सक्रियता को देखते हुए वर्ष 2025 में प्रशासन ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की थी। आदेश के मुताबिक उसे इंदौर की सीमा से बाहर रहना था, लेकिन आरोपी ने इस आदेश का उल्लंघन किया। वह न केवल शहर में अवैध रूप से रह रहा था, बल्कि मारपीट और डराने-धमकाने के नए मामलों में भी फरार चल रहा था।जिलाबदर के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने के चलते अब बदमाश के खिलाफ रासुका की कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया

# पति से झगड़े के बाद महिला ने खाया जहर

**इन्दौर। देपालपुर के ग्राम सांतेर में एक विवाहिता ने घरेलू विवाद और पति के प्रति संदेह के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

मृतक महिला का नाम नूरी पति शाहरुख (28), निवासी ग्राम सांतेर, देपालपुर है। नूरी और उसके पति शाहरुख के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। नूरी को शक था कि उसका पति चोरी-छिपे किसी अन्य महिला से फोन पर बात करता है। इसी बात को लेकर बीते दिन दोनों के बीच तीखी बहस हुई थी।पति से झगड़े के बाद मानसिक रूप से परेशान नूरी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की। हालांकि, जहर शरीर में फैल जाने के कारण इलाज के दौरान नूरी ने दम तोड़ दिया।

# सरकार पशुपालकों को दिलाएगी दूध का समुचित दाम-मुख्यमंत्री



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में कहा कि सरकार पशुपालकों को दूध का समुचित दाम दिलाएगी। सरकार पशुपालकों से दूध खरीदेगी। किसान कल्याण वर्ष में पशुपालकों और दूध उत्पादकों का भी करेंगे कल्याण, ग्वालियर में खोला जाएगा पशुओं का वेलनेस सेंटर, पशु स्वास्थ्य केन्द्र का किया जाएगा उन्नयन डबरा में बनेगा नया पशु चिकित्सालय, हितलाभ वितरित कर, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़ने के दिलाया संकल्प, यह आयोजन ग्वालियर में हुआ। यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में भी अग्रणी राज्य बने, यही हमारा लक्ष्य है। पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में वृद्धि करने के लिए हम मिशन मोड पर काम कर रहे हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150200 | 149605 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 241000 | 244900 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# इंदौर मेट्रो के लिए 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने के लिए मांगलिया में 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। मंत्री तोमर ने बताया कि इंदौर जैसे शहर मे यह कार्य मेट्रो परियोजना की आवश्यकताओं के साथ साथ शहर की विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। घनी आबादी वाला शहरी क्षेत्र होने के कारण खजराना में अतिरिक्त विद्युत पारेषण अवसंरचना विकसित करना तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए एमपी ट्रांसको, जबलपुर के प्लानिंग



एवं डिजाइन विंग के विशेषज्ञ इंजीनियरों ने अपने तकनीकी कौशल, अनुभव एवं विशेषज्ञता का परिचय देते हुए 220 केवी सबस्टेशन मांगलिया, इंदौर में पावर ट्रांसफार्मर तथा दो फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया। इसके परिणामस्वरूप इंदौर शहर से खजराना मेट्रो स्टेशन तक विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना संभव हो सका। उन्होंने इस कार्य को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए एमपी ट्रांसको को बधाई देते हुए कहा है कि यह एमपी ट्रांसको के इंजीनियर्स की उत्कृष्टता, समर्पण और कौशल के कारण संभव हो पाया। एमपी ट्रांसको इंदौर के अधीक्षण अभियंता अनिल लाठी ने बताया कि इंदौर मेट्रो ने खजराना स्थित अपने मेट्रो रेल सबस्टेशन के लिए डिपॉजिट स्कीम के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी से विद्युत आपूर्ति की मांग की थी। जिसके लिए मेट्रो इंदौर द्वारा निर्धारित राशि 26.26 करोड रुपये जमा कराने के बाद यह कार्य एम.पी. ट्रांसको के सुपरविजन में कराया गया।इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से इंदौर मेट्रो परियोजना के संचालन हेतु महत्वपूर्ण खजराना मेट्रो रेल सबस्टेशन को दो 132 केवी डेडिकेटेड सर्किटों के माध्यम से पर्याप्त एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति प्रदाय हो सकेगी। शहर की कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता बढ़कर 4652 एमवीए हो गई है। एमपी ट्रांसको इंदौर में एक 400 केवी सबस्टेशन, पांच 220 केवी सबस्टेशन साउथ ज़ोन इंदौर, इंदौर ईस्ट (बिचौली), नॉर्थ ज़ोन, जैतपुरा और मांगलिया तथा 132 केवी सबस्टेशन सत्यसाई, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, निरंजनपुर,राऊखेड़ी, महालक्ष्मी नगर जीआईएस, इंदौर वेस्ट (नावदापंथ), चंबल और राऊ एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन के माध्यम से विद्युत पारेषण करता है। अब कुल क्षमता 4652 एमवीए हो गई है।

# जिंसी में मकान तोड़ने का काम अपने हाथों से जारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिंसी में रोड चौड़ीकरण के निर्धारण के बाद अब इस हद में आ रहे मकानों को अपने हाथों से अपना आशियाना तोड़ने का क्रम पिछले सप्ताह से शुरू हुआ था जो अभी भी जारी है, लोग धीमी गति से अपने मकान अपने हाथों से तोड़ रहे हैं और दु:ख भी जता रहे हैं। लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहा तक ज्यादातर मकान तोड़ने का क्रम जारी है।

# एबीवीपी ने किया थाना का घेराव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विद्यार्थी परिषद द्वारा चौबीस अवतार मंदिर मेला देपालपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इस आयोजन में एबीवीपी के एक कार्यकर्ता को पुलिस ने धक्का दिया था। इस मुद्दे पर एबीवीपी ने कल देपालपुर थाना पहुंचकर घटना पर विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की। कई तरह के आरोप भी आरक्षक पर लगाए। पदाधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने इस घटना का एसडीओपी देपालपुर संघप्रिय के समक्ष विरोध भी जताया था और कार्रवाई की मांग भी की थी, मौखिक आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो कल थाना पर कार्रवाई के लिए विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंच गए। थाना में भी पुलिस पर एबीवीपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया। देपालपुर थाना प्रभारी को भी हटाने की मांग की गई और विरोध प्रदर्शन किया गया। तीन दिनों में थाना प्रभारी और आरक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई तो आन्दोलन की चेतावनी भी दी गई।

# लायंस पदाधिकारियों ने की कमिश्नर से भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम आयुक्त से लायंस इंटरनेशनल पदाधिकारियों ने भेंट कर स्वच्छ इंदौर से स्वस्थ इंदौर हेतु जल-वायु शुद्धिकरण पर चर्चा की। कमिश्नर इको फ्रेंडली स्मृति चिह्न भी दिया। कई मुद्दों पर चर्चा भी हुई, दिनेश कुमार रणदर, आशीष ओझा मौजूद रहे।



# हीट स्ट्रोक क्लीनिक शुरू अस्पतालों में विशेष इंतजाम



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा विगत दिवस आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स को जिला एवं सिविल अस्पतालों में हीट स्ट्रोक क्लीनिक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इंदौर संभाग के जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक एवं लू से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही आवश्यक दवाइयों, ओआरएस, कूलर, पंखे तथा अन्य चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। सम्भाग के कई जिलों के क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है।

# गेहूं स्लॉट बुकिंग की तिथि बढ़ी चना-मसूर उपार्जन 28 मई तक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'कृषक कल्याण वर्ष में प्रदेश सरकार ने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। रिकॉर्ड उपार्जन, भंडारण क्रांति और डिजिटल नवाचार से खेती की तस्वीर बदल रही है। सरकार का संकल्प है कि किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जादाता और तकनीकदाता भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है, इससे वंचित किसान भी पंजीयन कर अपनी उपज बेच सकेंगे। प्राइस सपोर्ट स्कीम वर्ष-2026 के तहत लगभग 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। चने और मसूर की उपज के लिए उपार्जन अवधि 30 मार्च से शुरू होकर 28 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य है। तुअर के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जित उपज का भुगतान समय पर किसानों के खातों में सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल सुरक्षित रहे इसके लिए भंडारण क्षमता निर्मित की जा चुकी है।

# समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। बैठक में निर्देश दिये गये सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर वर्मा ने जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समीक्षा भी की। सभी शासकीय कार्यालयों में भी आगंतुकों के बैठने और पेयजल के लिये व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। वर्मा ने पीएनजी कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि घर-घर कनेक्शन लगाने के लिए आईटीआई के प्रशिक्षित युवाओं की मदद भी ली जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने रैण्डम रूप से सीएम हेल्पलाइन के पाँच प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की।

# युवा संगम रोजगार मेला आयोजित 91 युवक-युवतियों को मिला काम



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया गया। कुल 12 कंपनियों के 300 से अधिक विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर निजी कंपनी में रोजगार और अप्रेन्टिनशीप हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। कुल 183 पंजीयन हुए, जिनमें 152 युवक और 31 युवतियों ने भाग लिया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 73 युवक और 18 युवतियों का प्रारंभिक रूप से फार्मशिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सहायक प्रबंधक, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

# विमान संचालन में वन्य जीव और पक्षियों के रोक के लिए अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक में विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। खाडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण प्रबंधन समिति की रेस्क्यू टीम द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के एयर साईड क्षेत्र का समय-समय पर नगर निगम की टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण करें तथा वन्य जीव प्रबंधन एवं न्यूनीकरण प्रयासों को और बेहतर बनाने हेतु कार्य करें। साथ ही प्रतिमाह प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर किए गए कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि विमानों के उड़ान संचालन में वन्य जीवों एवं पक्षियों के रोक हेतु अल्ट्रासोनिक म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अग्नि व पक्षियों की पूर्व सूचना के लिए नियमानुसार सेंसर्स का भी उपयोग करने पर जोर दिए है। डॉ. खाड़े ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर विमानतल की परिधि में विशेषकर अप्रोच फनल रनवे, बीएसएफ और एरोड्रम पुलिस स्टेशन के आसपास बड़े हुए पेड़ों की कटाई-छंटाई करें। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि बिजासन टेकरी और आसपास के क्षेत्र में सतत निगरानी की जाए। साथ ही इंदौर-पीथमपुर मार्ग पर खुले में पड़े कचरे की सफाई की जाए। विमानतल की परिधि और आसपास के क्षेत्रों से नियमित रूप से आवारा श्वानों को पकड़ने का कार्य किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विमानतल की फैंसिंग में कहीं कोई दरार या छेद है, तो उसे तत्काल ठीक किया जाए। विमानतल के आसपास के क्षेत्र को आग से बचाने के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंधन किए जाए। कलेक्टर शिवम वर्मा, एयरपोर्ट निदेशक सुनील मगगीरवार, वन विभाग के अधिकारी अमित सोलंकी, एयरपोर्ट के मैनेजर शफी सैय्यद, स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


## इन्दौर नगर पालिक निगम
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती साधना राठौर पति राजेश राठौर** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 459 द्वारकापुरी कालोनी इन्दौर पिन नं. 1001218611 का भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. कमला गोदवानी स्व. रमेश गोदवानी 2. माधुरी पिता स्व. रमेश गोदवानी** द्वारा मां हरसिद्धी झोन क्र. 12 राजस्व विभाग पर सर्विस नं. 1001157631 पता 26- वीर सावरकर नगर पैकी फ्लेट नं. 102 वंश एक्लेव इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **स्वामी इंफ्रा वेंचर्स अनन्त पिता अनिल अग्रवाल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001007930 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 77 ओमेक्स सिटी मायाखेडी इंदौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# कियान पोरवाल बने फर्स्ट चिल्ड्रन्स कप शतरंज स्पर्धा के विजेता

## 134 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले

**इंदौर।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आईपीएस में आयोजित फर्स्ट चिल्ड्रन्स कप शतरंज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 134 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी अभिषेक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 आयु वर्गों में आयोजित की गई।

अंडर-15 वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त कियान पोरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.5 अंक अर्जित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। रुद्रादित्य सिंह सिसोदिया द्वितीय तथा आरव माहेश्वरी तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में अंशिका डोंगरे ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विशेष पहचान बनाई।



**आयु वर्ग अनुसार परिणाम इस प्रकार रहे–**

**अंडर-7:** 1. आदर्श सिंह ठाकुर 2. अथर्व गोयल 3. कायरा नैनानी

**अंडर-9:** 1. जलज नैनानी 2. अविका अग्रवाल 3. अयान केजरीवाल

**अंडर-11:** 1. दक्ष सोडाणी 2. प्रयाण चोपड़ा 3. रियांश चावंडे

**अंडर-13:** 1. युवान राजपाल 2. अद्विक गुप्ता 3. समर्थ रेड्डी। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर यश तुलापुरकर रहे, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर सुनील पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईपीएस अकादमी के अचल चौधरी, अंतरराष्ट्रीय मास्टर अक्षत खंपारिया, एवं प्रो. (डॉ.) सुनील कि. सोमानी तथा ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन की ओर से अनिल फतेहचंदानी, राजेंद्र चिमनानी, महेश अग्रवाल एवं अरुण उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# रोहित शर्मा इतिहास रचने की दहलीज पर, तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

## नंबर-1 बनने के लिए क्या करना होगा?

नई दिल्ली ● एजेंसी

रोहित शर्मा ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेल विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब उनकी नजरें नंबर-1 बनने पर है। यह रिकॉर्ड है टीम की जीत में सबसे ज्यादा बार टॉप स्कोरर बनने का।

रोहित शर्मा इतिहास रचने की दहलीज पर, तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड; नंबर-1 बनने के लिए क्या करना होगा?



चोट के बाद मुंबई इंडियंस के स्टार प्लेयर रोहित शर्मा की क्या वापसी रही। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 229 रनों के मुश्किल टारगेट का पीछा करते हुए रोहित शर्मा ने 84 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 7 गगनचुंबी छक्के लगाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए रियान रिकेल्टन के साथ 143 रनों की साझेदारी भी कि जिससे एमआई ने एलएसजी को पूरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया था। रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए इस मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इसी के साथ हिटमैन ने विराट कोहली का भी बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा।

### विराट कोहली से आगे निकले शर्मा

यह रिकॉर्ड है आईपीएल के इतिहास में टीम की जीत में एक पारी में सबसे ज्यादा बार हाईएस्ट स्कोर बनाने का। रोहित शर्मा एलएसजी के खिलाफ 84 रनों के साथ मुंबई इंडियंस के हाईएस्ट स्कोरर रहे। रिटान रिकेल्टन ने 83 रनों की पारी खेली थी, वहीं पूरन ने ताबड़तोड़ 62 रन बनाए थे।

रोहित शर्मा के आईपीएल करियर का यह 35वां मौका है, जब टीम की जीत में वह हाईएस्ट स्कोरर रहे। वहीं विराट कोहली ने आरसीबी के लिए यह कारनामा 34 बार किया था। रोहित शर्मा फिलहाल इस लिस्ट में संयुक्त रूप से नंबर-1 पर है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर भी 35 बार इस कारनामे को कर पहले पायदान पर हैं। रोहित शर्मा को अगर डेविड वॉर्नर को पछाड़ना है तो एक बार ओर टीम की जीत में हाईएस्ट स्कोरर बनना होगा।

बता दें, इस लिस्ट में शुभमन गिल, शिखर धवन, गौतम गंभीर, एबी डी विलियर्स और क्रिस गेल जैसे खिलाड़ी भी हैं।

### IPL इतिहास में जीत में सबसे ज्यादा टॉप स्कोर

35: रोहित शर्मा
35: डेविड वॉर्नर
34: विराट कोहली
29: शुभमन गिल
28: शिखर धवन
27: गौतम गंभीर
25: एबी डी विलियर्स/क्रिस गेल

# सुचाये देव, आरव कश्यप, काशवी कुशवाहा एवं मिशिता शर्मा फाइनल में

**इंदौर।** इंदौर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित शांता देवी कमल भंडारी मेमोरियल सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित और उत्साहपूर्ण वातावरण में जारी है। इंदौर के होनहार बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आज के मुकाबलों में अपना शानदार खेल प्रदर्शित किया। दर्शकों की भारी उपस्थिति और खिलाड़ियों का अदम्य जोश यह सिद्ध करता है कि मध्यप्रदेश में सब-जूनियर स्तर पर बैडमिंटन का भविष्य अत्यंत उज्जवल है।

इस वर्ष इंदौर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन (छ्ैं) ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह कदम खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी मेहनत को सम्मान देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

सुचाये देव और आरव कश्यप ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

सुचाये देव वि/वि अव्युक्त गुलहाटी — 21-9, 21-3

आरव कश्यप वि/वि रेयांश जैन — 21-11, 21-9

काशवी कुशवाहा और मिशिता शर्मा ने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

काशवी कुशवाहा वि/वि कियोना जैन — 21-8, 21-10

मिशिता शर्मा वि/वि याशी भुमरकर — 21-12, 12-21, 21-7

विशेष उल्लेखनीय — इस टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी मिशिता शर्मा ने क्सेमीफाइनल में याशी भुमरकर को 21-12, 12-21, 21-7 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। नन्ही मिशिता का यह साहसी प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

अद्वैत पाटीदार और हर्षवर्धन सिंह राजपूत ने सेमीफाइनल में दमदार खेल दिखाते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

# ऋषभ पंत की जिद कैसे LSG पर पड़ी भारी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की शुरुआत से ही ऋषभ पंत की जिद थी कि वह टॉप ऑर्डर में बैटिंग करें। उन्होंने सीजन की शुरुआत बतौर ओपनर की थी, वहीं सफलता ना मिलने पर वह नंबर-3 पर खेल रहे थे।



ऋषभ पंत की जिद कैसे थ्एउ पर पड़ी भारी, निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ी के साथ ऐसा तो नहीं करना चाहिए था।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम आईपीएल 2026 से बाहर होने की कगार पर है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्हें सोमवार, 4 मई को सीजन की 7वीं हार का सामना करना पड़ा है। एलएसजी ने आईपीएल 2026 में अभी तक 9 में से सिर्फ 2 ही मैच जीते हैं। मुंबई के खिलाफ उन्हें तब 7वीं हार का सामना करना पड़ा, जब उनके बल्लेबाजों ने 228 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर लगाया था। एलएसजी भले ही यह मैच हारी, मगर इससे उन्हें एक बड़ा पॉजिटिव 'निकोलस पूरन' के रूप में देखने को मिला। साथ ही ऋषभ पंत की जिद की वजह से जो लखनऊ सुपर जाएंट्स का बंटाधार हो रहा था उसकी तस्वीर भी दुनिया के सामने आई। ऋषभ पंत आईपीएल 2026 में टॉप ऑर्डर में बैटिंग करने की जिद लेकर उतरे थे। उन्होंने एडन मार्करम और मिशेल मार्श की तगड़ी जोड़ी को तोड़ा और खुद पारी का आगाज करने का फैसला किया। जब बतौर ओपनर ऋषभ पंत का बल्ला नहीं चला तो उन्होंने रणनीति में बदलाव किया।

# ऑरेंज कैप की रेस में कोहली से आगे रियान रिकेल्टन

**नई दिल्ली।** रियान रिकेल्टन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 83 रनों की पारी खेल ऑरेंज कैप की रेस में लंबी छलांग लगाई है। वह विराट कोहली से भी आगे निकल गए हैं। आईए ऑरेंज कैप की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं-



ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली से आगे निकले रियान रिकेल्टन, रोहित शर्मा कहां? आज केएल राहुल बन सकते हैं नंबर-1

मुंबई इंडियंस की लखनऊ सुपर जाएंट्स पर 6 विकेट से धमाकेदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले रियान रिकेल्टन ने ऑरेंज कैप की रेस में लंबी छलांग लगाई है। रिकेल्टन आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वरिाट कोहली से आगे निकल गए हैं, हालांकि वह अभी भी टॉप-5 में जगह नहीं बना पाए। रिकेल्टन मात्र 6 रनों से टॉप-5 में जगह बनाने से चूक गए। वहीं उनके साथी रोहित शर्मा, जो चोट के बाद वापसी कर रहे हैं, उन्होंने भी एलएसजी के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि रोहित शर्मा ऑरेंज कैप की रेस में काफी पीछे हैं, वह फिलहाल 28वें पायदान पर हैं।

मुंबई इंडियंस के रियान रिकेल्टन 8 मैचों में 54.29 की औसत और 190.95 के स्ट्राइक रेट के साथ 380 रन बनाकर लिस्ट में 6ठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली से आगे जगह बना ली है।

# दीवार में कील ठोकने से मना किया तो हथौड़ी से फोड़ दिया सिर

## पिता-पुत्र ने मिलकर पड़ोसी पर किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम काजी पलासिया में दीवार में कील ठोकने से मना करने पर गुस्साए पिता-पुत्र ने अपने ही पड़ोसी के सिर पर हथौड़ी से वार कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

फरियादी जगदीश पिता सुन्दरलाल जाटव निवासी दयालु नगर, ग्राम काजी पलासिया ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले राजेश जाटव और उनका बेटा चिन्टू दीवार में कील ठोक रहे थे। जगदीश ने जब उन्हें ऐसा करने से रोका और कहा कि दीवार में कील ठोककर नुकसान मत करो तो आरोपी भड़क गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजेश और चिन्टू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जगदीश ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने अपने हाथ में ली हुई हथौड़ी से जगदीश के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके सिर से खून बहने लगा।

# बस चालक और कंडक्टर की गुंडागर्दी

***युवक को रास्ते में रोककर डंडे से पीटा, जान से मारने की दी धमकी***

**इन्दौर।** महू थाना इलाके में एक बस के चालक और कंडक्टर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक को गालियां दीं और डंडे से पीटकर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने बस नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फरियादी श्रीकांत पिता भास्कर हेलोडे निवासी शिवनगर, धारनाका महू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शंकर महादेव बेकरी के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान बस क्रमांक एमपी-13 जैडक्यू-0389 के चालक और कंडक्टर ने उसे रोक लिया। विवाद को लेकर आरोपियों ने श्रीकांत के साथ अभद्रता शुरू कर दी।?विवाद बढ़ने पर बस चालक, कंडक्टर और उनके साथ मौजूद अन्य साथियों ने मिलकर श्रीकांत को घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अचानक डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में श्रीकांत को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# सरवटे बस स्टैंड से युवक का अपहरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

सरवटे बस स्टैंड पर बस में सवारियां बैठाने की बात पर हुए विवाद के बाद कुछ बदमाशों ने एक युवक को सरेराह अगवा कर लिया और कार में ले जाकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

**बस में सवारी बैठाने को लेकर विवाद, आरोपियों ने कार में ले जाकर पीटा**

फरियादी आकाश पिता राजेन्द्र सिलावट निवासी लूनियापुरा ने पुलिस को बताया कि वह सरवटे बस स्टैंड पर मौजूद था। इसी दौरान बस में सवारियां बैठाने की बात को लेकर उसका विवाद विनय पिता कल्लू सोनकर निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग और उसके दो अन्य साथियों से हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने आपा खो दिया। आकाश का आरोप है कि बहस के दौरान विनय और उसके साथियों ने उसे जबरन अपनी कार में बैठा लिया। आरोपी उसे गाड़ी में डालकर वहां से ले गए। चलती कार में बदमाशों ने आकाश के साथ जमकर मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकियां दीं। मारपीट से घबराकर आकाश ने कार के भीतर ही शोर मचाना शुरू कर दिया। खुद को फंसता देख और पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने आकाश को भंवरकुआं क्षेत्र के पास सड़क पर उतार दिया और अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित आकाश सीधे छोटी ग्वालटोली थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विनय सोनकर और उसके दो अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**गीता भवन क्षेत्र में देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसे चला रहे युवक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।**

घायल का नाम भूषण कुमार पिता सुभाष (26), निवासी अर्जुन सिंह गोहर नगर है। वह पेशे से ई-रिक्शा चालक है और अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। बीती रात वह अपना काम खत्म कर ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहा था। जैसे ही भूषण गीता भवन चौराहे के समीप पहुँचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसके ई-रिक्शा को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पलट गया और भूषण सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और भूषण को अस्पताल पहुँचाया।



# न हमें हमारी जान की परवाह है और न ही दूसरों की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में स्टंटबाजी की घटनाएं आम हो गई है। पुलिस द्वारा कई बार ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी कर दी गई है फिर भी युवा जान जोखिम में डालकर सड़कों पर स्टंट करते है। उन्हें ना ही स्वयं की परवाह है और ना ही दूसरों के जान की परवाह है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो भंवरकुआं ब्रिज का बताया जा रहा है। एक कार की खिड़की से दो युवा बाहर लटकते हुए नजर आ रहे है। वहीं एक युवा सनरूफ से बाहर झांक रहा है। कार की गति भी तेज है। कुल मिलाकर युवा दुर्घटनाओं को मजाक समझ रहे है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो की जांच की जा रही है।

# संपत्ति के लिए बुजुर्ग पिता को लोहे के सरिये और डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में बेटे और उसकी पत्नी ने अपने ही बुजुर्ग पिता को केवल इसलिए बेरहमी से पीट दिया क्योंकि पिता ने अपनी मेहनत की जमीन और मकान उनके नाम करने से मना कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी छम्मू पिता देवीसिंह निवासी ग्राम मेंण दड़ा ने थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। छम्मू के अनुसार, उनका बेटा लखन और बहू रुखमा पिछले काफी समय से उन पर पैतृक संपत्ति को लेकर दबाव बना रहे थे। आरोपी चाहते थे कि छम्मू के हिस्से की जमीन और मकान उनके नाम कर दिया जाए। बीते दिन जब छम्मू ने संपत्ति देने से साफ इनकार किया, तो आरोपी लखन और रुखमा अपना आपा खो बैठे। उन्होंने बुजुर्ग पिता को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब छम्मू ने विरोध किया, तो लखन लोहे का सरिया ले आया और बहू रुखमा ने लकड़ी का डंडा उठा लिया। दोनों ने मिलकर अपने ही पिता पर हमला कर दिया और उन्हें जमकर पीटा।मारपीट के दौरान बुजुर्ग छम्मू जान बचाने के लिए गुहार लगाते रहे, लेकिन आरोपियों का दिल नहीं पसीजा। हमला करने के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उन्होंने जमीन और मकान उनके नाम नहीं किया, तो वे उन्हें जान से खत्म कर देंगे।

# नवग्रह जिनालय चोरीः बदमाशों के रूट मैप से सुराग जुटा रही पुलिस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना इलाके के ग्रेटर बाबा परिसर के नवग्रह जिनालय में हुई सनसनीखेज चोरी के मामले में एरोड्रम पुलिस अब एक्शन मोड में है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस अब नकाबपोश बदमाशों के शरीर की बनावट और उनके चलने के तरीके के जरिए उनकी शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें वारदात स्थल से लेकर शहर की बाहरी सीमाओं तक का रूट मैप तैयार कर रही हैं, ताकि आरोपियों के भागने के रास्ते का सटीक अंदाजा लगाया जा सके। जांच में सामने आया है कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2:18 बजे नकाबपोश बदमाश मंदिर के पिछले हिस्से से भीतर दाखिल हुए थे। करीब 42 मिनट तक आरोपियों ने मंदिर के भीतर रुककर इत्मीनान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुजारी नीतेश जैन और सहयोगी अशोक जैन के अनुसार, बदमाशों के हाथों में सब्बल और टॉमी जैसे धारदार औजार थे, जिससे उन्होंने ताले और अलमारियों को निशाना बनाया। बदमाश मंदिर से अष्टधातु की 4 और चांदी की 5 बेशकीमती मूर्तियां अपने साथ ले गए हैं। इसके अलावा चांदी की बड़ी पांडुशिला, 28 कलश, आरती की थालियां और चवर सहित पूजा का अन्य कीमती सामान भी चोरी हुआ है। हैरानी की बात यह है कि जब मंदिर के भीतर यह तांडव चल रहा था, तब चौकीदार बाहर ही गहरी नींद में सो रहा था और उसे भनक तक नहीं लगी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एफएसएल की टीम ने भी मंदिर का मुआयना किया है। मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य भौतिक साक्ष्य जुटाए गए हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।